# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार, 12 अप्रैल 2025






पवन तनय संकट हरण मंगलमुर्ति रुप। रामलखन सितासहित हृदय बसहू सुरभूप।।
आप सभी को
हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएँ
Project by
VENUS INFRAS
Marketed by
PRITHVI buildcon
Your Dream Abode
In Association With
bda
BDA GROUP
We are thrilled to invite you to the grand launch of
VENUS PARK
A Premium Residential Plots.
PROJECT LAUNCH
APRIL
Sat - Sunday 12th & 13th 2025
10.30 AM I At Site
12 एवं 13 अप्रैल को बुकिंग कराने पर निश्चित उपहार
50% OFF Registry
T&C APPLY*
Huge Saving of Rs. 1 to 3 Lakh
T&C APPLY*
CG RERA Registration No.
PCGRERA200125001871
CGRERA270125A000845
VENUS PARK
Location : Behind Brighton International School, Vidhansabha Road, Nardaha, Raipur (C.G.) 92381 93232 venuspark.in

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

तड़के 3 बजकर 21 मिनट पर प्रारंभ हो गई पूर्णिमा तिथि

# 57 वर्ष बाद आया ऐसा संयोग... पंचग्रही योग में हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हनुमान जयंती 13 अप्रैल चैत्र पूर्णिमा को है और अबकी बार इस दिन 57 साल बाद ग्रहों का बहुत ही दुर्लभ संयोग बन रहा है।



मीन राशि में एक साथ 5 ग्रह गोचर कर रहे हैं और उनके योग संयोग से एक साथ 4 बड़े राजयोग इस शुभ अवसर के प्रभाव को और बढ़ा रहे हैं। मीन राशि में शुक्र और बुध की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बन रहा है। सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य राजयोग बन रहा है। शुक्र उच्च राशि मीन में गोचर करते हुए माल० य राजयोग बना रहे हैं। साथ ही सूर्य और शुक्र की युति से शुक्रादित्य राजयोग बन रहा है। मीन राशि में चार राजयोग के महासंयोग से हनुमान जयंती का ▸▸ शेष पेज 6 पर

### ऐसा है शुभ मुहूर्त

- *पंचांग के अनुसार, चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि का आरंभ 12 अप्रैल को भोर 3 बजकर 21 मिनट पर हो गया है। पूर्णिमा तिथि समाप्त 13 अप्रैल 2025 को सुबह 5 बजकर 51 मिनट पर होगा।*
- *हनुमान जन्मोत्सव की पूजा के लिए पहला मुहूर्त 12 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 34 मिनट से सुबह 9 बजकर 12 मिनट तक है।*
- *इसके बाद दूसरा मुहूर्त शाम को 6 बजकर 46 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 8 मिनट तक रहेगा।*



# 350 साल से विराजे गोबर के हनुमान, जिनके प्रहरी है श्वान, चमत्कार ऐसा कि18 वीं सदी से इस गांव में सर्पदंश से नहीं हुई एक भी मौत

अरविंद शर्मा ▸▸ भिलाई

नारधा गांव में 350 साल से गोबर से बनी हनुमान की प्रतिमा संत रुक्खड़नाथ की तपोस्थली में विराजी है। कई रहस्यों को समेटे इस तपोभूमि में गरुणाकार हनुमान की प्रतिमा का पहरा श्वान दे रहे हैं। आस्था के प्रतीक इस मंदिर में बने कुंड के पानी को लोग अमृत मानते है। इसके पानी से लोगों को चर्म रोग से निजात मिल जाती है। खेत में खड़ी फसल को कीटों से बचाने के लिए किसान कुंड का पानी ले जाते है। जिसके कारण ▸▸ शेष पेज 6 पर





### गांव में ली समाधि और खैरागढ़ में हुए रुक्खड़नाथ प्रगट

ग्रामीणों की माने तो संत रुक्खड़नाथ ने गांव में समाधि ली थी। गड्ढे में समाधि के बाद ऊपर से पाट दिया गया. पर कुछ समय बाद वह खैरागढ़ में प्रगट हो गए। यहां पर रुक्खड़नाथ की भमित व पिंड आज भी जाग्रत अवस्था में है। साथ ही यहां पर 17 वीं र 18 वीं सदी में नागपुर के राजा रघुनाथ भोंसले र खैरागढ़ के राजा टीकेतराय दशनामी संप्रदाय के सन्यासी रुक्खड़नाथ के साथ सत्संग करने के लिए आते थे।

### श्वान की मौत के बाद बनाई समाधि, आज प्रहरी बनकर दे रहे हैं पहरा

*मंदिर के पुजारी का कहना है कि रुक्खड़नाथ महाराज ने नारधा के इस जंगल में तपस्या कई वर्षों तक की थी। उनके साथ दो श्वान रहते थे। इसी तपोस्थली पर दोनों श्वानों की मौत हो गई थी। उसके बाद उनकी यहां समाधि बनाई गई। बाद में इस समाधि पर दो श्वानों की प्रतिमा अलग-अलग दिशा में मुंह कर बनाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि समाधि के ऊपर बनी श्वानों की प्रतिमा यह दर्शाती है कि वह गोबर के विराजे हनुमान जी के प्रहरी बनकर पहरा दे रहे हैं।*

---

एनआरडीए ने 45 दिनों के भीतर डेढ़ लाख वर्गफीट भूमि का किया आबंटन | पोलीमैटेक कंपनी ने दिया 10 हजार करोड़ के अतिरिक्त निवेश का प्रस्ताव

# नवा रायपुर को बनाएंगे भारत की सिलिकॉन वैलीः साय



### 45 दिनों में किया जमीन का आवंटन

*श्री साय ने कहा कि बहुत कम समय में उद्योग विभाग और एनआरडीए ने कंपनी के लिए नवा रायपुर के सेक्टर-5 में डेढ़ लाख वर्ग फीट भूमि उपलब्ध कराई। एनआरडीए ने 45 दिनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर भूमि आबंटित की और 25 दिनों से कम समय में लीज डीड पंजीकरण हुआ। यह पहल विकसित भारत के सपने को साकार करने हेतु विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में अत्यंत कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर निश्चित ही भारत की सिलिकॉन वैली के रूप में उभरेगा, और इसकी शुरुआत आज के भूमिपूजन से हो चुकी है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस संयंत्र में कार्य करने वाले युवाओं को नियुक्ति पत्र भी अपने हाथों से प्रदान किए।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को नवा रायपुर में देश की प्रसिद्ध सेमीकंडक्टर निर्माता कंपनी पोलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट की आधारशिला रखी। यह कंपनी सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक है, जो छत्तीसगढ़ में 1,143 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ा कारखाना स्थापित करेगी। डेढ़ लाख वर्गफीट में बनने वाला यह प्लांट वर्ष 2030 तक 10 अरब चिप्स तैयार करेगा, जिनका उपयोग टेलीकॉम, 6जी, 7जी, लैपटॉप और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में किया जाएगा। इस प्लांट की स्थापना से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।




### निवेश का प्रस्ताव भी

भूमिपूजन अवसर पर पोलीमैटेक कंपनी के एमडी ईश्वर राव ने मुख्यमंत्री श्री साय को राज्य सरकार की तत्परता और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में पॉवर मॉड्यूल फेब्रिकेशन प्लांट स्थापित करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के निवेश का भी प्रस्ताव दिया। इस संयंत्र के माध्यम से ट्रांजिस्टर, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के क्षेत्र में नई ऊँचाई प्राप्त होगी। इससे राज्य में 5,000 से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, एनआरडीए के सीईओ सौरभ कुमार, सीएसआईडीसी के एमडी विश्वेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और पोलीमैटेक कंपनी के कर्मचारी उपस्थित थे।

### यह गर्व का क्षण हैः साय

*इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि छत्तीसगढ़ में पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र की स्थापना का भूमिपूजन हुआ है। छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में सेमीकंडक्टर उद्योग को विशेष प्रोत्साहन दिए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से कंपनी को यहां निवेश में सफलता मिलेगी। विश्व के जो भी देश विकसित हुए हैं, उन्होंने तकनीक के क्षेत्र में मेहनत की है, अनुसंधान किया है और ऐसा वातावरण बनाया है जिससे तेजी से तकनीकी प्रगति संभव हो पाई। अब 6जी और 7 जी तकनीक भी आ रही है और मुझे खुशी है कि इनके लिए आवश्यक चिप्स हमारे देश में* ▸▸ शेष पेज 6 पर

# ऐसा गांव... जहां लोग रहते नहीं, पर लाखों की फीस बचाने दर्जनों ने यहां कागजों पर बना लिया 'पता-ठिकाना'

*आरटीई : फर्जीवाड़े का नया पैंतरा, राजधानी के नरदहा गांव का मामला*

*रायपुर के शीर्ष विद्यालय इसी क्षेत्र में, लोग फर्जी किरायानामा लगाकर ले रहे इनमें प्रवेश*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

आपने इमरान खान की हिंदी मीडियम फिल्म देखी है? इसमें नायक अमीर होते हुए भी एक झुग्गी झोपड़ी में रहने चले जाता है ताकि अपने बच्चे का दाखिला आरटीई के अंतर्गत शहर के बड़े अंग्रेजी माध्यम स्कूल में करा सके। फिल्मों के इतर यह दृश्य अब राजधानी रायपुर से सटे नरहदा गांव में आम हो चला है। इस फिल्म में नायक-नायिका की मजबूरी यह थी कि उन्हें अंग्रेजी तौर-तरीके नहीं आने के कारण उनके बच्चे को बड़े स्कूल में प्रवेश नहीं मिल पा रहा था, इसलिए उन्होंने आरटीई का सहारा लिया। लेकिन यहां लोग लाखों रूपए की फीस बचाने के लिए फर्जी निवास स्थान का पैंतरा अपना रहे हैं।

दरअसल आरटीई के नियमानुसार, निजी विद्यालयों की 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब छात्रों को प्रवेश दिया जाना है। गरीब छात्रों का निवास ▸▸ शेष पेज 6 पर




### ग्रामीणों की गलती है

यदि फर्जी किरायानामा बनाकर लोग प्रवेश ले रहे हैं, तो इसमें ग्रामीणों की गलती है। वे अपना आधार कार्ड देते हैं, तब ही शहर के लोग किरायानामा बनवा पाते हैं। हम केवल ऑनलाइन अपलोड किए गए दस्तावेजों ही देखते हैं। भौतिक सत्यापन नहीं करते।

**- भारती श्रीवास,** नोडल प्राचार्य, नरदहा

### हमारे बच्चों का हक छीन रहे

फर्जीवाड़ा करके हमारे बच्चों का हक छीना जा रहा है। हमने कई बार अधिकारियों से इसकी शिकायत की है। कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जो बच्चे इन बड़े स्कूलों में आरटीई कोटे से पढ़ रहे हैं, वे हमारे गांव में रहते ही नहीं।

-अमित टंडन, सरपंच, नरदहा

### कार्रवाई करेंगे

अब तक इस तरह की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। यदि इस तरह के फर्जीवाड़े की शिकायत सामने आती है तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

**- गौरव सिंह,** कलेक्टर, रायपुर

### नोडल प्राचार्य का दायित्व

पालकों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन का दायित्व नोडल प्राचार्य का होता है। यदि पालक फर्जी दस्तावेज बना रहे हैं तो जिला शिक्षा कार्यालय जांच करे। सरपंच से सत्यापन अनिवार्य करवाकर भी इस फर्जीवाड़े को रोका जा सकता है।

**-राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

---

## खबर संक्षेप

### पंजाब में तस्कर से 18 किलो हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के मादक पदार्थ रोधी कार्य बल ने पाकिस्तान में रहने वाले मादक पदार्थ तस्कर से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 18 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। पंजाब पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ रोधी कार्यबल ने अमृतसर के हीरा सिंह उर्फ हीरा को गिरफ्तार करके 18.227 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। जांच में पता चला है कि हीरा सिंह और उसका सहयोगी कुलविंदर सिंह उर्फ किंदा पाकिस्तान में रहने वाले तस्कर बिल्ला से जुड़े थे।



### एसएफआई कार्यकर्ताओं व वकीलों में झड़प में 20 घायल

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में वकीलों और कथित तौर पर एसएफआई कार्यकर्ताओं के छात्रों के एक समूह के बीच हुई झड़प में करीब 20 लोग घायल हो गए। घटना एर्नाकुलम जिला न्यायालय परिसर में जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक समारोह के दौरान हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार झड़प में एसएफआई के 16 कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आठ वकील घायल हो गए। वकीलों ने आरोप लगाया कि एसएफआई कार्यकर्ताओं ने बार एसोसिएशन के वार्षिक समारोह में जबरन प्रवेश कर हंगामा किया।



अमेरिका में बड़ा हादसा

## दो टुकड़ों में बंटा हेलिकॉप्टर, परिवार सहित सीमेंस के सीईओ की मौत

एजेंसी ▸▸ मैनहट्टन

अमेरिका के मैनहट्टन और जर्सी सिटी के पास हडसन नदी में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया। इसमें ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी सीमेंस के स्पेन प्रभाग के सीईओ अगस्टिन एस्कोबार और उनका परिवार बैठा था। हादसे में पायलट सहित पूरे परिवार की मौत हो गई। हडसन नदी में गिरते हेलीकॉप्टर को वहां कई प्रत्यक्षदर्शियों ने देखा और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया। टूर के लिए जा रहा हेलिकॉप्टर हवा में ही टूट गया और फिर हडसन नदी में चट्टान की तरह जोरदार तरीके से नीचे गिर गया। एस्कोबार के साथ उनकी पत्नी और तीन बच्चे भी सवार थे। बिग एप्पल की वेबसाइट पर हादसे से पहले परिवार की मुस्कुराते हुए तस्वीर भी है।



कोर्ट ने 18 दिन की हिरासत में भेजा, हर 24 घंटे में होगी मेडिकल जांच

# मुंबई ही नहीं, राणा के निशाने पर थे देश के कई बड़े शहर, एनआईए का दावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने दिल्ली की एक अदालत में दलील दी कि उसे संदेह है कि तहव्वुर राणा ने 26/11 के मुंबई हमलों जैसी आतंकी साजिश कई अन्य भारतीय शहरों को निशाना बनाने के लिए भी रची थी।एनआईए ने विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह के समक्ष यह दावा किया, जिन्होंने राणा को 18 दिन की एनआईए की हिरासत में भेज दिया। दलीलों के दौरान, एनआईए ने कहा कि साजिश के सभी आयामों को एक साथ जोड़ने के लिए राणा की हिरासत की आवश्यकता है और उसे 17 साल पहले हुई घटनाओं के बारे में फिर से जानने के लिए विभिन्न स्थानों पर ले जाना होगा।



### हमले वाली जगह ले जाएंगे

सुनवाई के दौरान एनआईए ने तर्क दिया कि मुंबई हमले की पूरी साजिश को बेनकाब करने के लिए विस्तृत पूछताछ की जरूरत होगी और उसे हमले वाली जगहों पर लेकर जाने की जरूरत होगी ताकि क्राइम सीन को रिक्रिएट किया जा सके। एनआईए के डीआईजी, एक आईजी और दिल्ली पुलिस के पांच डीसीपी सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद रहे।

### सिर्फ पेन का उपयोग कर सकेगा राणा


न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक 'सॉफ्ट-टिप' कलम का उपयोग करने और एनआईए अधिकारियों की मौजूदगी में अपने वकील से एक निश्चित दूरी से मिलने की अनुमति दी। एनआईए को हर 24 घंटे में राणा की मेडिकल जांच करने और उसे हर दूसरे दिन अपने वकील से मिलने देने का निर्देश दिया।

खास पहचान मिलने पर मशहूर निर्देशक एसएस राजामौली खुश

# आरआरआर का जलवा कायम, ऑस्कर में स्टंट डिजाइन कैटेगरी में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

ऑस्कर अकादमी ने हाल ही में एक बड़ी घोषणा की। यह ऐलान अकादमी ने स्टंट डिजाइन पुरस्कार को लेकर किया है। दरअसल, अकादमी ने स्टंट कला को मान्यता देते हुए इसे आधिकारिक रूप से पुरस्कार देने का फैसला किया है। यह पुरस्कार पहली बार अकादमी के शताब्दी वर्ष समारोह में दिया जाएगा। बता दें कि साउथ के धुरंधर फिल्म मेकर एसएस राजामौली की आरआरआर ने दुनियाभर ▸▸ शेष पेज 6 पर



### स्टंट फिल्मों का अहम पार्ट

अकादमी ने इंस्टाग्राम पर ये जानकारी शेयर की है। नई कैटेगिरी का ऐलान करते हुए, द एकेडमी ने लिखा, स्टंट हमेशा से फिल्मों का अहम पार्ट रहा है।

### ऑस्कर में खूब चमकी थी 'आरआरआर'

साल 2023 में आई राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' ने दुनियाभर में अपनी सफलता का परचम लहराया था। राम चरण और जूनियर एनटीआर अभिनीत इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को ऑस्कर से सम्मानित किया गया था। इसे बेस्ट सॉन्ग का खिताब मिला था।

### एकेडमी अवार्डस ने रिलीज किया पोस्टर

इस ऐलान के साथ ही तीन फिल्मों का एक पोस्टर भी जारी किया गया - मिशेल योह की एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स, रामचरण और जूनियर एनटीआर की आरआरआर और टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल जिस पर बोल्ड शब्दों में 'स्टंट डिजाइन ऑस्कर' लिखा हुआ था।

# अब आया ईएएल, जिस होलोग्राम की आड़ में हुआ था शराब घोटाला, वह हमेशा के लिए खत्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान शराब की बोतलों में नकली होलोग्राम लगाकर 1600 करोड़ से अधिक का घोटाला करने का आरोप लगा था, वह होलोग्राम अब हमेशा-हमेशा के लिए खत्म कर दिया गया है। राज्य की ▸▸ शेष पेज 6 पर

### सरकारी एजेंसी ने बनाए हैं ईएएल

सभी देशी और विदेशी शराब की बोतलों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए सुरक्षात्मक फीचर्स के अब ईएएल लगाए जा रहे हैं। इसे भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नासिक रोड से क्रय किए जाएंगे। इस तकनीक का उपयोग करके, शराब की बोतलों पर एक विशिष्ट पहचान स्थापित की जाएगी, जिससे अवैध शराब की पहचान करना आसान हो जाएगा और अवैध व्यापार पर रोक लगाई जा सकेगी। सरकार का मानना ▸▸ शेष पेज 6 पर



## चिंतन

# औद्योगिक क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता

आज विश्व में अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार छिड़ा हुआ है। इस स्थिति को भारत के उद्योग क्षेत्र के लिए अवसर के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन क्या भारत का उद्योग क्षेत्र इसका लाभ लेने के लिए तैयार है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है कि भारत का औद्योगिक उत्पादन फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गया है। ब्लूमबर्ग ने फरवरी के लिए 3.6% की आईआईपी ग्रोथ का अनुमान लगाया था, लेकिन असल आंकड़े इससे काफी कम रहे। आधिकारिक आंकड़े के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन में सुस्ती विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण आई है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सरकार ने जनवरी, 2025 के लिए औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में जारी आंकड़ों में इसके पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि फरवरी, में सुस्त पड़कर 2.9 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.9 प्रतिशत थी। फरवरी 2025 में बिजली उत्पादन की वृद्धि भी धीमी होकर 3.6 प्रतिशत पर रही जो एक साल पहले इसी महीने में 7.6 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी अवधि में छह प्रतिशत थी। टिकाऊ उपभोक्ता सामान (इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं) की वृद्धि फरवरी में सिर्फ 3.8 प्रतिशत रही, जो फरवरी, 2024 में 12.6 प्रतिशत थी। बुनियादी ढांचे/निर्माण के सामानों की वृद्धि फरवरी 2025 में 6.6 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में फरवरी में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले फरवरी में इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के क्षेत्र में वृद्धि आलोच्य महीने में 1.5 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले फरवरी में 8.6 प्रतिशत थी। ये आंकड़े दिखा रहे हैं कि देश के औद्योगिक क्षेत्र के हालात किस तरह सुस्त हो रहे हैं। जबकि अभी देश के सामने अनेक आर्थिक चुनौतियां हैं। अमेरिका के रेसिप्रोकल टैक्स और आयात पर नए टैरिफ के ऐलान और चीन के साथ टैरिफ वार से ग्लोबल स्तर पर आर्थिक अनिश्चतता और आपूर्ति तंत्र के प्रभावित होने का खतरा है, इसका असर भारतीय उद्योग क्षेत्र पर भी पड़ना तय है। ऐसे में उद्योग क्षेत्र की गति में नरमी सुखद संकेत नहीं हैं। भारतीय उद्योग के अधिकांश क्षेत्र खराब परफॉर्म कर रहे हैं। रियायत व समर्थन की कई घोषणाओं के बावजूद भारतीय उद्योग क्षेत्र रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है, तो इसके पीछे अनेक कारण हैं। वैश्विक आर्थिक मंदी की स्थिति है, जिसमें यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती और चीन के विनिर्माण क्षेत्र में मांग में कमी से भारत के निर्यात में भी गिरावट आई है। विमुद्रीकरण और जीएसटी जैसे आर्थिक सुधारों से औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र उबर नहीं पाया है। विनिर्माण क्षेत्र की चीनी आयात पर निर्भरता भी घरेलू उत्पादन में कमी की वजह है। अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में काफी कम निवेश, उद्योगों के बीच सहयोग की कमी और प्रौद्योगिकी के सीमित उपयोग से प्रतिस्पर्धात्मकता और नवाचार प्रभावित हुए हैं। अगर हमें वैश्विक अवसर का लाभ लेना है तो नीतिगत, पूंजीगत व माहौलगत बाधाओं को दूर करते हुए उदार औद्योगिक नीति के लिए आर्थिक सुधार के अगले चरण की आवश्यकता है।

# तमिलनाडु में मजबूत होती भाजपा की पिच



**हिंदी विरोध**
उमेश चतुर्वेदी

> तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति राष्ट्रीय सहमति से अलग सोचती रही है। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रुपये के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है। सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की ओर से उठाए गए भाषा विवाद की गेंद प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक समझदारी के साथ उनके ही पाले में डाल दी है। तमिलनाडु की हालिया यात्रा में उन्होंने कह दिया कि तमिल राजनेता अपना हस्ताक्षर अंग्रेजी की बजाय तमिल में क्यों नहीं करते। लगे हाथों उन्होंने यहां तक कह दिया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन को मेडिकल की पढ़ाई तमिल में करानी चाहिए। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विवाद शुरू से ही रहा है, हाल ही में स्टालिन सरकार ने अपना बजट पेश करते वक्त बजट से रुपये के आधिकारिक हिंदी प्रतीक की विदाई और तमिल भाषा वाले प्रतीक का इस्तेमाल किया था, जिस पर हंगामा होना स्वाभाविक है।

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में भाषा को लेकर नया बयान दे दिया है। तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति राष्ट्रीय सहमति से अलग सोचती रही है। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रुपये के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है। सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है। मौजूदा राजनीति का हर नया कदम और नई राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश के परोक्ष और प्रत्यक्ष, दो उद्देश्य हैं। पहला मकसद जहां तुरंत जनभावनाओं को अपने पक्ष में मोड़कर सियासी फायदा उठाना होता है, वहीं इनके सहारे भविष्य के लिए अपनी मजबूत सियासी इमारत खड़ा करना भी रहता है। तमिलनाडु सरकार के हालिया कदमों का तात्कालिक कारण है अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव। इन मुद्दों के जरिए डीएमके अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। चूंकि ये मुद्दे तकरीबन आठ दशकों से डीएमके की राजनीतिक फसल के लिए खाद का काम करते रहे हैं, इसलिए स्टालिन को एक बार फिर इसी पर भरोसा है। संविधान के मुताबिक, भारत भले ही राज्यों का संघ हो, लेकिन राज्यों को राष्ट्रीय मुद्दों से अलग राह, जिनमें अलगाववाद के खतरे हों, किसी भी कीमत पर आगे बढ़ने की छूट नहीं है। संविधान सभा की बहस के दौरान राज्यों के ऐसे कदमों की आशंका को देखते हुए ही मजबूत केंद्र की अवधारणा को स्वीकार किया गया। इसके बावजूद यदा-कदा कई राज्य राष्ट्रीय सोच से अलग रुख अख्तियार करते रहते हैं। हाल के दिनों में इस कोशिश में पश्चिम बंगाल भी जुड़ा, जहां से राष्ट्रवादी विचारधारा को बल मिला। अरसे से कई मुद्दों पर अलग रुख अख्तियार करते वक्त तमिल राजनीति भारतीयता के अभिन्न अंग तमिल की अवधारणा और संविधान की सोच को दरकिनार करती रही है। तमिलनाडु में हिंदी विरोध 1935 में डीएमके के वैचारिक उभार के साथ ही शुरू हुआ। तब भी यह सोच राष्ट्रीय युगबोध से अलग थी। तमिलनाडु में पहले क्रांतिकारी सोच के नाम पर ब्राह्मण विरोध की शुरुआत हुई, जिसका अगला कदम हिंदी विरोध रहा।



अब यह सोच एक तरह से उत्तर भारत विरोध तक पहुंच चुकी है। दिलचस्प यह है कि इसमें कई बार कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी मददगार होती रही है। 2023 के विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बीजेपी और तेलंगाना में कांग्रेस को मिली जीत के बाद नया नैरेटिव गढ़ा गया था। इसके मुताबिक, गोबर पट्टी के राज्यों को पिछड़ा और दक्षिणी राज्यों को समझदार बताया गया। यानी जो बीजेपी को चुने, वह पिछड़ा और जो कांग्रेस को चुने, वह प्रगतिशील। इस नैरेटिव के जरिए उत्तर और दक्षिण के बीच गहरी विभाजन रेखा खींचने की कोशिश हुई। लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर द्रविड़ राजनीति की ओर से उठाए जा रहे सवालों में इसके विस्तार को देखा जा सकता है। अपनी अलहदा सोच के लिए अतीत में डीएमके को कीमत भी चुकानी पड़ी है। 1991 में तत्कालीन चंद्रशेखर सरकार ने करूणानिधि सरकार को कुछ ऐसी ही वजहों से बर्खास्त किया था। डीएमके करीब दो दशक से कांग्रेस की सहयोगी है, लेकिन अतीत में एक बार वह भी डीएमके की ऐसी सोच के चलते केंद्र की गुजराल सरकार को गिरा चुकी है। अभी चाहे हिंदी का सवाल हो या फिर रुपये के प्रतीक को बदलने की बात, डीएमके के रुख पर कांग्रेस ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। लेकिन बीजेपी ने आक्रामक रुख अपना रखा है। रुपये का हिंदी प्रतीक बदलने का सबसे तेज विरोध तमिल मूल की निर्मला सीतारमण और राज्य बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई कर रहे हैं। उनका साथ उनकी पूर्ववर्ती तमिलिसाई सौंदरराजन दे रही हैं। बीजेपी की कोशिश स्टालिन के हिंदी विरोध की हवा तमिल सोच के जरिए निकालने की है। अगले साल अप्रैल-मई में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2021 के चुनाव में दशकभर बाद डीएमके को सत्ता मिली थी। स्टालिन इसे ही बचाए रखने की जुगत में हैं। उत्तर और हिंदी विरोधी माहौल जिंदा रखकर स्थानीय भावनाओं को उभारना तमिलनाडु का आसान राजनीतिक फार्मूला रहा है।

त्रिभाषा फॉर्मूले में हिंदी विरोध स्टालिन को सबसे आसान लगा और वे मैदान में कूद पड़े। जनसंख्या के लिहाज से लोकसभा सीटों का परिसीमन में कम होना और रुपये का प्रतीक बदलना इसी का विस्तार है। 1937 में पेरियार के हिंदी विरोधी आंदोलन को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का समर्थन मिला। 1965 में जब संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी राजभाषा बन रही थी, तब सीए अन्नादुरै की अगुआई वाले हिंदी विरोधी तीखे आंदोलन को समूचे तमिलनाडु का साथ मिला। इसके दो साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सत्ता गंवानी पड़ी, तब से कांग्रेस राज्य में हाशिए पर है। इस बार हिंदी विरोध या रुपये के प्रतीक बदलने की तरकीब को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का साथ मिलता नहीं दिख रहा। इसकी बड़ी वजह यह है कि तमिल समुदाय भी अब भाषा की राजनीति और उसके दायरे को समझने लगा है। संचार क्रांति के जरिए उसे भी पता है कि स्टालिन द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों की खामी-खासियत क्या है? तमिल समुदाय के एक हिस्से की समझ बनी है कि उनकी सरकार का विरोध एक बिंदु पर राष्ट्रीय धारा के विपरीत हो सकता है। अतीत में हिंदी और उत्तर भारत विरोध स्थानीय लोगों को गोलबंद करने का आसान जरिया रहे। इन मुद्दों पर सियासी बैटिंग डीएमके के लिए परिचित पिच रही है। इस पिच पर एक बार फिर सियासी बैंटिंग करना उसे आसान लग रहा है। बीजेपी ने भी पिच तो वही अपनाई है, लेकिन उसके मुद्दे अलहदा हैं। राष्ट्रीय मुद्दे बनाम स्थानीय सोच की इस जंग में फिलहाल देश का दक्षिण कोना घायल होता नजर आ रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सोच बननी जरूरी है। अन्यथा ऐसी राजनीति के दंश का दर्द अरसे तक झेलना पड़ सकता है। अन्नाद्रमुक से गठबंधन के बाद भाजपा वहां और मजबूत हो गई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य
डॉ. मोनिका राज




# देश में कुपोषण की समस्या व चुनौतियों का समाधान जरूरी

भारत में कुपोषण एक गंभीर समस्या बनी हुई है, जो केवल भोजन की कमी से नहीं, बल्कि कई सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों से जुड़ी हुई है। यह समस्या बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को तो प्रभावित करती ही है, साथ ही पूरे समाज की उत्पादकता और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। हाल के वर्षों में, सरकार ने सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 जैसी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया है, लेकिन यह प्रश्न बना हुआ है कि क्या ये योजनाएं वास्तव में भारत के कुपोषण संकट को हल कर पाएंगी? कुपोषण को केवल खाद्य असुरक्षा से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह एक व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसे संतुलित आहार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सही पोषण शिक्षा के माध्यम से हल किया जा सकता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 36 फीसदी बच्चे अविकसित हैं, 19 फीसदी बच्चे अत्यधिक कमजोर हैं और 57 फीसदी महिलाएँ एनीमिया से पीड़ित हैं। इसके अलावा, 24 फीसदी महिलाएं और 23 फीसदी पुरुष अधिक वजन या मोटापे से ग्रसित हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में कुपोषण केवल कुपोषित बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक समस्या है, जिसमें कुपोषण और अधिक पोषण दोनों शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और जंक फूड की बढ़ती खपत से मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग बढ़ रहे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण असंतुलन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी देखी जाती है। सरकार ने कुपोषण से निपटने के लिए कई योजनाएँ चलाई हैं। इनमें मिड-डे मील योजना, आंगनबाड़ी सेवाएं, सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और अन्नपूर्णा योजना प्रमुख हैं। सरकारी वितरण प्रणाली में खामियां हैं, जिससे कई बार लाभार्थियों तक राशन और पोषण पूरक सही समय पर नहीं पहुंच पाते। महिलाओं और किशोरियों में कुपोषण की स्थिति अधिक चिंताजनक है। भारत में 57 फीसदी महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं, जिसका कारण आयरन और फोलिक एसिड की कमी, अपर्याप्त आहार और बार-बार गर्भधारण है। किशोरियों में भी पोषण की कमी उनके भविष्य के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालती है। महिलाओं का कुपोषण न केवल उन्हें बल्कि उनके होने वाले बच्चों को भी प्रभावित करता है, जिससे यह समस्या पीढ़ी दर पीढ़ी बनी रहती है। इसी प्रकार, बुजुर्गों में पोषण की समस्या को भी नजरअंदाज किया जाता है। भारत में बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उनके पोषण की समस्याओं पर कम ध्यान दिया जाता है। कई वृद्ध व्यक्ति अकेले रहते हैं और उन्हें पोषक आहार नहीं मिल पाता, जिससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है। मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका मुख्य कारण अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी और अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड का सेवन है। भारत में पोषण सुधार केवल कुपोषण दूर करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम का भी हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए कई सुधारात्मक उपाय अपनाए जा सकते हैं। सबसे पहले, पोषण शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। लोगों को सही पोषण के बारे में शिक्षित करने के लिए स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सामुदायिक केंद्रों में पोषण जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। दूसरा, स्थानीय खाद्य संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। तीसरा, सरकारी खाद्य वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए, ताकि गरीबों को सही समय पर पौष्टिक भोजन मिल सके। आज के समय में, जब भारत तेजी से आर्थिक और सामाजिक विकास कर रहा है, यह जरूरी है कि पोषण को केवल भोजन प्राप्त करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे समग्र स्वास्थ्य और कल्याण का हिस्सा बनाया जाए। एक कुशल और संतुलित पोषण नीति से न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों का स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है। यह समय की माँग है कि हम कुपोषण को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में पहचानें और इसे दूर करने के लिए समर्पित प्रयास करें। केवल योजनाएँ बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उनके प्रभावी कार्यान्वयन पर ध्यान देना भी जरूरी है। यदि हम सही दिशा में ठोस कदम उठाएं, तो भारत न केवल कुपोषण को समाप्त करने में सफल होगा, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरकर दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
**दर्शन**

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

# पांच मिनट का जीवन



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी माँगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हर पेड़ की अहमियत समझें

हाल ही में मौसम विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि इस बार गर्मियों का मौसम कुछ ज्यादा ही सताएगा और लू भी परेशानियों को बढ़ाएगी। अब तो समुद्र तट किनारे स्थित मुंबई और ठंडा क्षेत्र के नाम से मशहूर शिमला और हिमाचल के अन्य क्षेत्र भी गर्मी की चपेट में आ रहे हैं, जबकि कहते हैं कि यहां गर्मियों में भी उतनी गर्मी नहीं होती है कि यह आफत बने, लेकिन आखिर क्या कारण है कि यहां भी गर्मी आफत बन रही है? गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। देश के उन राज्यों में भी गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है जहां कभी किसी ने सोचा भी नहीं होगा। सवाल तो यह है कि अगर इसी तरह पेड़ घटते रहे और गर्मी बढ़ती रही तो क्या आने वाले समय में एसी भी हमारी गर्मी से बचाने में मदद कर पाएंगे? - **सांकेत यदु**, धमतरी

## ट्रेंड

### महात्मा फुले को नमन



मानवता के सच्चे सेवक महात्मा फुले को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने समाज के शोषित और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश के लिए उनका अमूल्य योगदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### महिला समृद्धि योजना



महिला समृद्धि योजना एक तात्कालिक नहीं, बल्कि चरणबद्ध तरीके से लागू की जाने वाली सतत योजना है। इसका उद्देश्य हर पात्र महिला को नियमित मासिक सहायता देना है। मेरा संकल्प है कि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न रहे।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### शिक्षा माफिया की जकड़



दिल्ली के लोग फिर से पूरी तरह शिक्षा माफिया की जकड़ में है। शिक्षा माफिया की इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि हमारे बच्चों के साथ बदसलूकी करें? क्योंकि नेता और मंत्री इनकी जेब में हैं, जैसे हमारी सरकार के पहले होते थे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### दृढ़ संकल्प



जब आप अपने दिल में जुनून और दिमाग में दृढ़ संकल्प के साथ जीवन को खेलते हैं, तो शरीर एक सही स्विंग देगा। जुआन पोस्टिगो आर्से हम सभी के लिए एक प्रेरणा हैं।
-सचिन तेंडुलकर, क्रिकेटर

## करंट अफेयर


# युवराज हैरी यूक्रेन में युद्ध पीड़ितों से मिले



ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय के छोटे बेटे युवराज हैरी अचानक यूक्रेन पहुंचे और वहां उन्होंने रूस के साथ जारी युद्ध के पीड़ितों से मुलाकात की। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। हैरी ने बृहस्पतिवार को लवीव में ऑर्थोपेडिक क्लीनिक 'सुपरह्यूमन्स सेंटर' का दौरा किया जहां घायल सैन्य कर्मियों और नागरिकों का इलाज किया जाता है। युवराज हैरी की यात्रा का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध के बीच लोगों की शीर्ष-स्तरीय सेवाएं मिलें। इस केंद्र में कृत्रिम अंग, पुनर्निर्माण सर्जरी और मनोवैज्ञानिक सहायता नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं। युवराज हैरी की पश्चिमी यूक्रेन की यात्रा के संबंध में जानकारी तब दी गई जब वह वहां से रवाना हो गए। ब्रिटिश सेना में 10 साल सेवाएं देने वाले हैरी ने घायल सैनिकों की मदद को अपना प्रमुख कार्यक्षेत्र बनाया है। उन्होंने 2014 में 'इनविक्टस गेम्स' की स्थापना की ताकि घायल सैनिकों को पैरालिंपिक जैसे खेल आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल सके। प्रवक्ता ने कहा कि 'इनविक्टस' सिर्फ़ प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर है। यह चोट के बाद के जीवन के बारे में हैं, यही वजह है कि हैरी लवीव जैसे पुनर्वास केंद्रों में जाते हैं।

## ऑफ बीट

# क्या घुड़दौड़ के घोड़े जानते है कि वे जीतने के लिए दौड़ रहे



दशकों के अनुभव और घोड़ों के व्यवहार के बारे में हम जो कुछ भी जानते हैं, उसके आधार पर, मुझे लगता है कि सबसे प्रशंसनीय उत्तर 'नहीं' है। घोड़े के दृष्टिकोण से, दौड़ जीतने के लिए कुछ आंतरिक पुरस्कार होते हैं। अंत तक पहुंचने का मतलब हो सकता है कि तेज़ गति से सरपट दौड़ते रहने के दबाव और जॉकी के चाबुक से राहत मिले, लेकिन फिनिशिंग पोस्ट पार करने के बाद सभी घोड़ों के लिए भी यही सच है। यदि दौड़ करीब है, तो अंततः जीतने वाले घोड़े को मैदान में पीछे के घोड़ों की तुलना में तेज दौड़ाने के लिए अंतिम चरण में अधिक बार कोड़े मारे जा सकते हैं। इसलिए जबकि विजेता पद पर सबसे पहले पहुंचना घोड़े के सवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है, घोड़े के लिए बहुत कम प्रत्यक्ष, आंतरिक लाभ है जो उसे इस परिणाम को प्राप्त करने के लिए स्वेच्छा से तेजी से सरपट दौड़ने के लिए प्रेरित करता है। तो क्या घोड़े को भी पता है कि वह दौड़ में है? फिर, उत्तर संभवतः 'नहीं' है। दौड़ना (कैंटरिंग या सरपट दौड़ना) घोड़ों का सर्वोत्कृष्ट व्यवहार है और अवसर मिलने पर घोड़े स्वेच्छा से समूहों में एक साथ दौड़ते हैं - यहां तक कि बिना जॉकी के दौड़ में भी।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




जैतूसाव मठ प्रबंधन की शिकायत पर हुई थी मुआवजा वितरण की जांच



भू अर्जन अफसर की 'निर्भय' करतूतों से शासन को 43 करोड़ का चूना, वसूली के लिए 2023 में ही लिखी थी चिट्ठी

# मंदिर की जमीन में भी कर डाली अफरातफरी, हाईकोर्ट में चल रहा जैतूसाव मठ का केस, फिर भी मुआवजा बांट डाला 2.13 करोड़

गौरव शर्मा ▶▶ रायपुर

भारतमाला-6

भारतमाला प्रोजेक्ट में हुई गड़बड़ियों की रिपोर्ट में मंदिर की जमीन को लेकर भी अफरातफरी का मामला सामने आया है। जैतूसाव मठ की बागेतरा गांव में 10 एकड़ जमीन को लेकर हाईकोर्ट में केस चल रहा है। दशकों से इस मामले में मंदिर प्रबंधन न्यायालयीन लड़ाई लड़ रहा है। कुछ अवसरों पर मंदिर प्रबंधन को कोर्ट से राहत भी मिली, लेकिन वर्तमान में हाईकोर्ट में प्रकरण विचाराधीन है। इसके बावजूद तत्कालीन एसडीएम और अन्य अफसरों ने मिलकर जमीन में मंदिर प्रबंधन के विरुद्ध केस लड़ रहे पक्षकार को 2 करोड़ 13 लाख रुपए मुआवजे का भुगतान कर दिया। जांच प्रतिवेदन के साथ ही शासन ने भी इसे नियम विरुद्ध माना है। विधानसभा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने जवाब ▶▶शेष पेज 6 पर

- प्रशासन ने भी अपनी रिपोर्ट में माना, केस पेंडिंग होने के बाद भी दी राशि
- मंदिर प्रबंधन ने कहा- भगवान के साथ भी अफसरों ने कर डाला धोखा

## यहां भी अधिक मुआवजे का खेल

बागेतरा में मठ की जमीनों में 2 करोड़ 37 लाख 76 हजार 417 रुपए का मुआवजा दिया जाना था। मंदिर प्रबंधन का कहना है, खसरा नंबर 759 का मुआवजा 21 लाख 26 हजार रुपए होता है। जबकि कथित तौर पर फर्जी दावेदार को भुगतान 2 करोड़ 13 लाख 38 हजार 568 रुपए का कर दिया गया। इस तरह शासन को ▶▶शेष पेज 6 पर

## शिकायत के बाद भी किया भुगतान

जैतूसाव मठ के सचिव महेंद्र कुमार अग्रवाल ने जानकारी दी, जैतूसाव मठ की जमीन को लेकर वर्तमान में हाईकोर्ट में प्रकरण विचाराधीन है। ट्रस्ट को जानकारी मिली कि कुछ लोग खुद का भूमि पर अधिकार बताकर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इसके बाद वर्ष 2020 और 2023 में पत्र भेजकर जांच की मांग की ▶▶शेष पेज 6 पर

## कम से कम भगवान को बख्श देते

जैतूसाव मठ ट्रस्ट के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने इस मामले की शिकायत की थी। शिकायत के बाद मुआवजा भुगतान में गड़बड़ी को लेकर ट्रस्ट के सचिव महेंद्र अग्रवाल कहते हैं, अफसरों ने जमीनों को टुकड़ों में काटकर शासन को तो खूब चूना लगाया। कम से कम प्रभु श्रीराम को तो बख्श देते। अफसरों को ▶▶शेष पेज 6 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध गहराने से सोना 6,250 रुपये उछलकर 96 हजार के पार

# चीन ने भी अमेरिका पर ठोका टैरिफ, भारतीय शेयर बाजार हुआ गुलजार, सेंसेक्स-निफ्टी में उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत तक शुल्क लगाने से बौखलाए चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी सामानों पर 125 प्रतिशत तक शुल्क लगाया। अमेरिका व चीन के बीच व्यापार युद्ध गहराने के कारण चार दिनों से मंदी में चल रहा भारतीय शेयर बाजार भी गुलजार रहा। भारत समेत विभिन्न देशों पर लगाए उच्च सीमा शुल्क को तीन महीनों के लिए टालने के अमेरिकी सरकार के फैसले से आज स्थानीय शेयर बाजारों में जबर्दस्त तेजी रही।

आज स्थानीय स्तर पर जबर्दस्त लिवाली होने से बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,310.11 अंक यानी 1.77 प्रतिशत उछलकर 75,157.26 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक ▶▶शेष पेज 6 पर

### चार दिन से चल रही थी भारी गिरावट

चार दिनों की भारी गिरावट के बाद 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 6,250 रुपये की तेजी आई और यह 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। पिछले दिन यह 89,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी 2,300 रुपये का उछाल आया और इसकी कीमत 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।



### चीन ने दिया ट्रंप के टैरिफ का जवाब

बता दें कि बृहस्पतिवार को, ट्रंप प्रशासन ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत तक शुल्क लगाया, जिसके कारण चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 125 प्रतिशत तक शुल्क लगाया। शुल्क युद्ध की बढ़ती चिंताओं और वैश्विक आर्थिक नरमी की आशंका के कारण अमेरिकी डॉलर सूचकांक 100 अंक से नीचे आ गया।

### सोना 10 ग्राम 96 हजार चांदी 91 हजार रुपए किलो

स्थानीय आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की भारी मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 6,250 रुपये उछलकर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने के बीच मजबूत सुरक्षित निवेश विकल्प के तौर पर मांग बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमत अबतक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। इससे घरेलू कीमतों को बढ़ावा मिला। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### शेयर बाजारों में तेजी लौटी, सेंसेक्स 1310 अंक उछला

अमेरिकी सरकार के फैसले से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में जबर्दस्त तेजी रही। स्थानीय स्तर पर जबर्दस्त लिवाली होने से बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,310.11 अंक यानी 1.77 प्रतिशत उछलकर 75,157.26 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 429.40 अंक यानी 1.92 प्रतिशत बढ़कर 22,828.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 524.75 अंक बढ़कर 22,923.90 पर पहुंच गया था।

# दोरनापाल और कोंटा के 6 कर्मचारियों के ठिकानों पर छापे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

एसीबी व ईओडब्लू के अधिकारियों की दूसरे दिन शुक्रवार को भी छापेमार कार्रवाई जारी रही। सुबह से दोरनापाल नगर पंचायत में डिप्टी रेंजर और दो बीट गार्ड के मकानों में छापा मारा गया। वही कोंटा में रेंजर एच. प्रसाद राव तथा दो पोषण अधिकारी सत्यनारायण वारे व रत्न कश्यप के मकानों में एसीबी व ईओडब्लू के अफसर पहुंचे। ज्ञात हो कि एक दिन पहले गुरुवार को कोंटा विकासखण्ड के एर्राबोर समिति के प्रबंधक मितेंद्र सिंह, पालाचलमा समिति प्रबंधक सीएच वेंकट रमणा, कोंटा समिति प्रबंधक शरीफ खान, जग्गावरम समिति प्रबंधक कवासी मनोज, जगरगुंडा समिति प्रबंधक रवि गुप्ता, मिशिगुडा समिति प्रबंधक राजेश आयतु, पेदाबोडकेल समिति प्रबंधक सुनील, फूलबगड़ी समिति प्रबंधक राजशेखर पुराणिक तथा मराईगुड़ा पंचायत में निवासरत गोलापल्ली समिति ▶▶शेष पेज 6 पर

- दूसरे दिन भी जारी रही एसीबी व ईओडब्लू की कार्रवाई

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार पूर्व में शुक्रवार सुबह अज्ञात हमलावरों ने 50 वर्षीय एक 'प्रॉपर्टी डीलर' की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान राजकुमार के रूप में हुई है। जब वह अपनी 'स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल' चला रहा था तभी हमलावरों ने उसे घेर लिया और उस पर गोलियां चला दीं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपियों की पहचान करने के लिए पुलिस सीसीटीवी की जांच कर रही है।




### नयनार नागेंद्रन होंगे नए भाजपा अध्यक्ष!

**चेन्नई।** तमिलनाडु में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए राज्य भाजपा उपाध्यक्ष नयनार नागेंद्रन ने नामांकन दाखिल किया है। जानकारी के मुताबिक, इस पद के लिए नामांकन करने वाले वे एकमात्र ही उम्मीदवार है। जिससे उनके इस पद पर चुने जाने की पूरी संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, उनके नाम का प्रस्ताव मौजूदा पार्टी प्रमुख के अन्नामलाई ने रखा था, जिन्हें अब पार्टी में राष्ट्रीय भूमिका मिलेगी। अमित शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भाजपा अन्नामलाई जी के संगठनात्मक कौशल का लाभ पार्टी के राष्ट्रीय ढांचे में उठाएगी।' तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष चुनाव पर भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने कहा, 'सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है। अभी नयनार नागेंद्रन (तमिलनाडु भाजपा उपाध्यक्ष) ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

### हुर्रियत से जुड़े 12 संगठनों ने तोड़ा अलगाववाद से नाता : शाह

**नई दिल्ली।** कश्मीर घाटी में अलगाववादी संगठन हुर्रियत को बड़ा झटका लगा है। जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग कर लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी जानकारी खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी। उन्होंने दावा किया कि अब 12 संगठनों ने अलगाववाद से नाता तोड़ लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''मोदी सरकार के तहत जम्मू-कश्मीर में एकता की भावना व्याप्त है। हुर्रियत से जुड़े एक अन्य संगठन जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने अलगाववाद को खारिज करते हुए भारत की एकता के लिए पूरी प्रतिबद्धता जताई है। मैं उनके इस कदम का तहे दिल से स्वागत करता हूं।'' उन्होंने आगे बताया, ''अब तक हुर्रियत से जुड़े 12 संगठन अलगाववाद से अलग हो चुके हैं और भारत के संविधान पर भरोसा जता रहे हैं।'' अमित शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के सपने की जीत है।

# मुठभेड़ में जैश के कमांडर सहित मारे गए तीन आतंकी



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। गत 9 अप्रैल को शुरू हुए इस संयुक्त ऑपरेशन में तीन आतंकी मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मारे गए आतंकवादियों में एक जैश का टॉप कमांडर भी शामिल है। यह ऑपरेशन जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चात्रू के वन क्षेत्र में चल रहा है। सेना और अन्य सुरक्षा बलों ने मिलकर यह कार्रवाई की। उधर, उधमपुर जिले में भी आतंकियों के खिलाफ एक और ऑपरेशन चल रहा है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान की जा रही है।

### आतंकवाद के खिलाफ मुहिम तेज

इन ऑपरेशनों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा और जब तक सभी आतंकवादियों को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, ऑपरेशन बंद नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों से भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है।

### एक नागरिक ने दी आतंकियों की सूचना

एक नागरिक ने सुरक्षा बलों को बताया कि तीन आतंकवादी काले कपड़े पहने हुए थे और जिनके पास भारी हथियार थे। 9 अप्रैल को रात 8.30 बजे के आसपास उसके घर में घुसे और रात 11.30 बजे के आसपास चले गए। इस जानकारी के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और आतंकियों को तीन दिन की मुठभेड़ के बाद ढेर कर दिया।

### रामनगर के जंगलों में चल रही मुठभेड़

उधमपुर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लारगर इलाके के जोफर मार्टा गांव में यह मुठभेड़ उस समय शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी के बाद तलाशी अभियान चलाया। पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने गांव से सटे वन क्षेत्र को घेर कर सघन तलाशी शुरू की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे।

## मुख्यमंत्री साय और कोयला मंत्री ने की खनिज विभाग की समीक्षा

# देश में एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने में छत्तीसगढ़ की बड़ी भूमिका- केंद्रीय मंत्री रेड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में खनिज विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा, अन्वेषण कार्यों, तकनीकी नवाचारों और राजस्व उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने खनन क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की और देश की प्रगति में राज्य की अग्रणी भूमिका की बात कही। उन्होंने देश में वर्ष 2024-2025 में कोयला उत्पादन में 1 बिलियन टन का लक्ष्य हासिल करने पर खुशी जाहिर की और इसे पाने में छत्तीसगढ़ के योगदान को सराहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने देश के पहले लिथियम ब्लॉक के कंपोजिट लाइसेंस अनुबंध दस्तावेज सफल बोलीदाता के प्रतिनिधि को सौंपे। साथ ▶▶शेष पेज 6 पर

- बांटे देश के पहले लिथियम ब्लॉक के कंपोजिट लाइसेंस



### कोयला-खनन क्षेत्र के लिए समीक्षा लाभदायक- साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज की यह समीक्षा बैठक प्रदेश में कोयला एवं खनन के क्षेत्र के लिए लाभदायक होगी। हम केंद्र सरकार के साथ आवश्यक समन्वय करते हुए खनन क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की भागीदारी को और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे। विकसित भारत के निर्माण में हमारा राज्य खनिज क्षेत्र के माध्यम से एक मजबूत स्तंभ बने, यही हमारा लक्ष्य है। श्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों से परिपूर्ण राज्य है और संसाधनों का समुचित व सतत उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में अनेक ▶▶शेष पेज 6 पर

### केंद्र राज्य मिलकर काम करेंगे- रेड्डी

केंद्रीय खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, चूना पत्थर जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के साथ-साथ देश का एकमात्र टिन उत्पादक राज्य होने का गौरव भी छत्तीसगढ़ को प्राप्त है। विकसित भारत के निर्माण में 'क्रिटिकल मिनरल्स' और खनन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ ने इस दिशा में जो अग्रणी कदम उठाए हैं, वे भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील ▶▶शेष पेज 6 पर

# मदरसे में दुष्कर्म, मौलवी को 187 साल जेल की सजा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की एक अदालत ने मौलवी को 187 साल कैद की सजा सुनाई है। मदरसे में बच्चों को तालीम देने वाला मौलवी नाबालिग बच्चियों के साथ गंदा काम करता था। जिसके वजह से उसको ये सजा सुनाई गई। 41 साल के मौलवी मोहम्मद रफी ने 13 साल की नाबालिग बच्ची का यौन शोषण किया था। जिसको ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने ये सजा सुनाई है। वो इस मामले में पहले से ही जेल की सजा काट रहा है। केरल की कन्नूर की पॉक्सो कोर्ट ने ये सजा सुनाई है। 13 साल की बच्ची मौलवी के मदरसे में तालीम लेने जाती थी। हालांकि कुछ दिनों बाद ही बच्ची का व्यवहार और शारीरिक बनावट तेजी बदलने लगा। इस बात देखकर बच्ची के माता-पिता को चिंता होने लगी। बच्ची का ध्यान पढ़ाई में भी नहीं लग रहा था। ऐसे में बच्ची के माता पिता ने जब उसे लेकर काउंसलर के पास पहुंचे तो बच्ची ने पूरी कहानी सच-सच बता दी। बच्ची ने मदरसे में मौलवी द्वारा उसके साथ किए गए रेप की भी बात बताई। बच्ची के साथ रेप की घटना की जानकारी मिलते ही आरोपी मौलवी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौलवी को 187 साल कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने पॉक्सो कानून की धारा 5 टी के तहत आरोपी को 5 साल की कैद के साथ 5 लाख का जुर्माना, धारा 5 एफ के तहत भरोसा तोड़ने के जुर्म में 35 साल की जेल और एक लाख का जुर्माना, बार यौन शोषण करने के जुर्म में 35 साल की कैद की सजा सुनाई।

# बगैर गाउन, कमीज के बटन खुले, वकील को छह महीने जेल



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अदालत के समक्ष बगैर गाउन और कमीज के खुले बटन के साथ पेश होने के मामले में बृहस्पतिवार को स्थानीय वकील अशोक पांडे को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराते हुए उन्हें छह महीने की सजा सुनाई। यह मामला तब शुरू हुआ जब वह अदालत में वकील का गाउन पहने बिना पेश हुए और उनकी कमीज के बटन खुले हुए थे। पीठ ने पांडे पर 2,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया, साथ ही एक महीने के भीतर जुर्माना न चुकाने पर एक महीने की अतिरिक्त जेल की सजा भी सुनाई। पांडे को लखनऊ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है।

### आरोपों का जवाब नहीं दिया

कई अवसर दिए जाने के बावजूद, पांडे ने अवमानना के आरोपों का कभी जवाब नहीं दिया। अदालत ने 2017 में उच्च न्यायालय परिसर से दो साल के लिए प्रतिबंधित किये जाने सहित उनसे जुड़ी पिछली अवमानना कार्यवाही के ब्योरे पर भी गौर किया।

### जजों के साथ दुर्व्यवहार, गुंडा कहा

स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही उस घटना के बाद शुरू की गई जब पांडे 18 अगस्त, 2021 को कथित तौर पर अनुचित पोशाक में अदालत में पेश हुए और न्यायाधीशों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। जब उनकी उपस्थिति को चुनौती दी गई और उन्हें जाने के लिए कहा गया तो उन्होंने न्यायाधीशों को 'गुंडा' कहा।

### वकालत से बाहर करने का थमाया नोटिस

*यह फैसला न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति बी आर सिंह की खंडपीठ ने पांडे के अदालत में व्यवधान पैदा करने वाले आचरण के बाद 2021 में दायर की गई आपराधिक अवमानना याचिका पर सुनाया। जेल की सजा के अलावा, पीठ ने पांडे को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया, जिसमें पूछा गया है कि उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय और इसकी लखनऊ पीठ में पेशेवर वकील के रूप में कार्य करने से क्यों नहीं रोका जाना चाहिए। उन्हें एक मई तक जवाब देना है।*

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और बिहार से रिपोर्ट दाखिल करने कहा

# गंगा किनारे से अतिक्रमण हटाने अब तक क्या कदम उठाए?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और बिहार सरकार को गंगा के किनारों पर अवैध निर्माण को हटाने के लिए उठाए गए कदमों पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिकारियों की तरफ से उन्हें हटाने के प्रस्तावित तरीके के अलावा आज की तारीख में मौजूदा अतिक्रमणों की संख्या भी जानना चाहा।

पीठ ने कहा, 'जानना चाहेंगे कि गंगा नदी के किनारों पर इस तरह के सभी अतिक्रमणों को हटाने के लिए अधिकारियों ने क्या कदम उठाए हैं। इससे पहले 2 अप्रैल के आदेश में कहा गया था, 'हम बिहार राज्य और भारत संघ दोनों को सही रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हैं ताकि हम मामले में आगे बढ़ सकें।'

### 2020 के आदेश के खिलाफ कोर्ट ने की सुनवाई

अदालत पटना निवासी अशोक कुमार सिन्हा की तरफ से एनजीटी के 30 जून, 2020 के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें नाजुक बाढ़ के मैदानों पर अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।



**गंगा किनारे बड़े पैमाने पर कब्जा :** उनके वकील आकाश वशिष्ठ ने प्रस्तुत किया कि गंगा के बाढ़ के मैदानों में बड़े पैमाने पर अवैध,अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण, जिसमें आवास बस्तियां, ईंट भट्टे और अन्य धार्मिक संरचनाएं बन रहे हैं।

### क्या बोला कोर्ट?

अदालत ने कहा कि तटों पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है और बताया कि इस नदी के कुछ हिस्से ताजे पानी की डॉल्फिन से बहुत समृद्ध हैं। याचिका में कहा गया है कि न्यायाधिकरण ने बाढ़ के मैदानों पर अतिक्रमण करने वाले उल्लंघनकर्ताओं के डिटेल की जांच किए बिना आदेश पारित किया। टॉप अदालत ने मामले को चार हफ्ते बाद पोस्ट किया है।

*26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा को आखिरकार 16 साल बाद भारत लाया गया है। इसके बाद कोर्ट ने राणा को 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया है। अब जांच एजेंसी आरोपी से 2008 हमलों की पूरी साजिश के बारे में पूछताछ करेगी। आरोपी को अमेरिका से भारत लाने का ऑपरेशन जितना संवेदनशील था, उतना ही महंगा भी।*

## 40 घंटे के सफर में खर्च हुए हैं 4 करोड़ रुपए

### मियामी से दिल्ली तक का बिजनेस क्लास टिकट है 4 लाख का

# आतंकी राणा को लाने में खर्च हुए 100 गुना ज्यादा पैसे


## विएना के लग्जरी चार्टर प्लेन गल्फ स्ट्रीम जी-550 का किया गया इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूत्रों के मुताबिक, तहव्वुर राणा को अमेरिका के मियामी से भारत लाने के लिए एक लग्जरी चार्टर प्लेन गल्फ स्ट्रीम जी-550 का इस्तेमाल किया गया, जिसकी प्रति घंटे की लागत करीब 9 लाख रुपए है। गल्फ स्ट्रीम विमान वियना स्थित एक निजी चार्टर्ड जेट प्रबंधन कंपनी का है। इस चार्टर प्लेन को प्रति घंटे के हिसाब से किराए पर लिया गया था।

### 40 घंटे की उड़ान, खर्च 4 करोड़ रुपए

इस चार्टर जेट को विएना स्थित एक एयरक्राफ्ट चार्टर सर्विस से किराए पर लिया गया था। बुधवार तड़के 2:15 बजे (स्थानीय समय) यह विमान मियामी से रवाना हुआ और उसी दिन शाम 7 बजे रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट पहुंचा। वहां करीब 11 घंटे का ब्रेक लेने के बाद, गुरुवार सुबह 6:15 बजे इसने फिर से उड़ान भरी और शाम 6:22 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। करीब 40 घंटे बाद दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर ये लैंड हुआ। अनुमान है कि इस पूरे सफर पर लगभग 4 करोड़ रुपए खर्च हुए, जबकि सामान्य परिस्थितियों में मियामी से दिल्ली तक का बिजनेस क्लास टिकट करीब 4 लाख रुपए का होता है। इस हिसाब से देखा जाए तो भारत सरकार ने राणा को लाने के लिए लगभग 100 गुना अधिक पैसा खर्च किया।



### किसी लग्जरी होटल से कम नहीं गल्फ स्ट्रीम जी 550 विमान

2013 में निर्मित गल्फ स्ट्रीम जी550 को अल्ट्रा लॉन्ग रेंज मिड-साइज कैटेगरी में रखा जाता है। इसकी सबसे खास बात इसका शानदार इंटीरियर है। इस विमान में अधिकतम 19 यात्रियों की क्षमता है। इसमें 9 डिवान सीटें हैं जो फ्लैट होकर सोने के लिए बिस्तर बन जाती हैं. इसमें 6 बेड भी है। इसके अलावा इस विमान में इन-फ्लाइट वायरलेस इंटरनेट, सैटेलाइट फोन और मॉडर्न एंटरटेनमेंट सिस्टम है। इसकी अंडाकार खिड़कियां इसे एक अलग पहचान देती हैं और यह वीआईपी यात्राओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प माना जाता है।

### सुरक्षा कारणों से चार्टर फ्लाइट जरूरी

सवाल उठता है कि इतनी बड़ी रकम क्यों खर्च की गई? इसका जवाब है- सुरक्षा। दरअसल, तहव्वुर राणा एक हाई-प्रोफाइल आतंकी है और उसके प्रत्यर्पण को लेकर अमेरिका और भारत दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों ने विशेष सतर्कता बरती। ऐसे मामलों में चार्टर प्लेन ही एकमात्र सुरक्षित विकल्प माना जाता है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित घटना से बचा जा सके।

### जानबूझकर पाक एयरस्पेस से किया गया किनारा

राणा को भारत लाते वक्त काफी ऐहतियात बरती गई। उसे भारत लाते समय चार्टर्ड फ्लाइट ने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र (एयर स्पेस) से परहेज किया। सामान्यतः इस रूट की कॉमर्शियल और चार्टर्ड फ्लाइट्स पाकिस्तान के ऊपर से उड़ती हैं, लेकिन तहव्वुर राणा के विमान में सवार रहने के दौरान यह रास्ता बदला गया था। हालांकि शुक्रवार सुबह वापसी के दौरान विमान ने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से गुजरते हुए अपने सामान्य मार्ग का ही इस्तेमाल किया और यूएई के एयरपोर्ट पर उतरा।

## खबर संक्षेप

### पैरोल पर रिहा, 15 वर्षों तक फरार, अब गिरफ्तार



**रायपुर।** जेल से फरार बंदी, कैदियों की पतासाजी करने के दौरान क्राइम ब्रांच की टीम ने पैरोल पर रिहा 15 साल से फरार बंदी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया। पुलिस ने हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे महासमुंद बसना निवासी संजीत धुर्वे उर्फ सुजीत को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया। संजीत वर्ष 2010 में जेल से पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था।

### बस स्टैंड पर ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार



**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास एक युवक को तीन ग्राम से ज्यादा 20 हजार रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौदहापारा निवासी फहीम खान को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। फहीम ड्रग्स बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहा था। इस दौरान पुलिस ने उसे पकड़ा।

### सट्टा खिलाते आठ सटोरिए गिरफ्तार

**रायपुर।** तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने सट्टा संचालित करते एक नाबालिग सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 15 हजार रुपए से ज्यादा नकदी रकम जब्त की है। कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा संचालित करते राज कुरील, राकेश कन्नौजे, प्रदीप चौहान, अरूण सोना को गिरफ्तार किया है। तेलीबांधा पुलिस ने बलदेव वर्सागेड़े तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने सट्टा संचालित करने के आरोप में कमल सूर्यवंशी तथा मोहम्मद मोहसीन को गिरफ्तार किया है।

### बजाज ऑटो के गैर-कार्यकारी निदेशक मधुर बजाज का निधन

**मुंबई।** बजाज ऑटो लिमिटेड के गैर-कार्यकारी निदेशक मधुर बजाज का शुक्रवार सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। कंपनी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बजाज को कुछ दिन पहले स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण दक्षिण मुंबई स्थित ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो दिन पहले उन्हें 'स्ट्रोक' भी हुआ था। उन्होंने बताया कि बजाज ने शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे अस्पताल में अंतिम सांस ली।

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश मार्च में 14 प्रतिशत घटकर 25,082 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच निवेश में गिरावट आई है। इक्विटी फंड में लगातार तीसरे महीने निवेश में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, लगातार 49वें महीने म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध प्रवाह सकारात्मक बना रहा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी एमएफ में मार्च में 25,082 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो फरवरी में 29,303 करोड़ रुपये, जनवरी में 39,688 करोड़ रुपये और दिसंबर में 41,156 करोड़ रुपये से काफी कम है।

### इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार गुरुवार देर रात बनाया गया निशाना

# मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर फिर हमला, उपद्रवियों ने दीवारों पर रंग पोते

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारत के महावाणिज्य दूतावास पर एक बार फिर हमला हुआ है। के 344 सेंट किल्डा रोड पर स्थित है। यहां भारतीय राजनयिक परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर उपद्रवियों ने रंग पोत दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हमले की यह घटना कथित तौर पर 10 अप्रैल की रात लगभग 1:00 बजे हुई। विक्टोरिया पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया टुडे को पुष्टि की कि मेलबर्न में भारत के वाणिज्य दूतावास की इमारत पर हमले की रिपोर्ट के बाद 10 अप्रैल की सुबह अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### विक्टोरिया पुलिस कर रही जांच

विक्टोरिया पुलिस प्रवक्ता ने कहा, 'अधिकारियों का मानना है कि इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार पर बुधवार 9 और गुरुवार 10 अप्रैल के बीच रात को रंग पोते गए थे। नुकसान की जांच अभी भी जारी है।' हालांकि, इस बर्बरतापूर्ण घटना ने भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के भीतर चिंता को फिर से जगा दिया है, जिसने मेलबर्न में हिंदू मंदिरों पर हमले और भारतीय सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की जाने वाली घटनाओं के बढ़ते पैटर्न पर निराशा व्यक्त की है।

**हिंदू मंदिरों और भारतीय सरकारी प्रतिष्ठानों पर पहले भी हुए हैं हमले**




### भारतीय समुदाय ने जताया दुख

समुदाय के नेताओं का कहना है कि धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थानों पर बार-बार होने वाले हमले बेहद दुखद हैं और ऑस्ट्रेलिया के सबसे बहुसांस्कृतिक राज्य में सामाजिक सामंजस्य को कमजोर करते हैं। स्थानीय भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय का कहना है कि यह सिर्फ साधारण हमले की घटना नहीं है, बल्कि यह हमारे समुदाय को डराने-धमकाने का संदेश है।

### भारतीय दूतावास पर हो चुके हैं हमले

यह पहली बार नहीं है, जब ऑस्ट्रेलिया में भारत के महावाणिज्यिक दूतावास को निशाना बनाया गया है। पिछले कुछ वर्षों में कई बार भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावासों पर हमले हुए हैं। इन हमलों के पीछे पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी आतंकवादियों का हाथ बताया जाता है। हालांकि, इस हमले को लेकर भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों द्वारा कोई सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया गया है। इमारत के बाहरी हिस्से में नारे और प्रतीक पहले भी लिखे गए हैं। इससे इस क्षेत्र में राजनयिक कर्मचारियों और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हुई हैं।

### भारत ने उच्च स्तर पर उठाया मामला

भारतीय प्रवासियों के सूत्रों ने पुष्टि की है कि इस मामले को वरिष्ठ विक्टोरियन अधिकारियों और कैनबरा में भारतीय उच्चायोग के समक्ष उठाया गया है। पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है कि किसी संदिग्ध की पहचान की गई है या नहीं, न ही इस बात की पुष्टि की है कि क्षेत्र से सुरक्षा फुटेज की समीक्षा की जा रही है। अधिकारी किसी भी व्यक्ति से आगे आने का आग्रह कर रहे हैं, जिसके पास कोई जानकारी है।

### मेलबर्न पुलिस ने लोगों से मांगी मदद

पुलिस प्रवक्ता ने कहा, 'जिन लोगों के पास ऐसी जानकारी है जो पुलिस की सहायता कर सकती है, उनसे 1800 333 000 पर क्राइम स्टॉपर्स से संपर्क करने या **www.crimestoppersvic.com.au** पर गोपनीय रिपोर्ट जमा करने का आग्रह किया जाता है।' हाल के महीनों में, विक्टोरिया पुलिस और राज्य सरकार ने घृणा-आधारित अपराधों और बर्बरता पर नकेल कसने का संकल्प लिया है, विशेष रूप से आस्था-आधारित संस्थानों को निशाना बनाने वालों पर।

## कोलकाता में छात्रों का मार्च, मुंबई की सड़कों पर एआईएमआईएम कार्यकर्ता

**वक्फ कानून के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन**




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों से वक्फ बिल के पास होने और कानून बनने के बाद देश के अलग-अलग इलाकों से प्रोटेस्ट की खबरें हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि घर की बत्ती बंद करें और वक्फ कानून के खिलाफ प्रोटेस्ट करें। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता की आलिया विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स वक्फ संशोधन के खिलाफ कैंपस में प्रोटेस्ट मार्च निकाला।

### मुंबई की सड़कों पर एआईएमआईएम

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने भी जुमे की नमाज के बाद वक्फ कानून के खिलाफ सड़को पर उतरकर विरोध जताया। इस दौरान एआईएमआईएम नेता वारिस पठान को और प्रोटेस्ट कर रहे कुछ लोगों को मुंबई पुलिस के द्वारा हिरासत में लिया गया। पुलिस का कहना है कि प्रोटेस्ट के लिए परमिशन नहीं लिया गया था। वारिस पठान अपने समर्थकों के साथ बायकुला की हिंदुस्तानी मस्जिद के पास प्रोटेस्ट कर रहे थे।

# अगर हम 30 हजार मस्जिदों को खोदना शुरू कर दें तो भारत किस दिशा में जाएगा?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**आरएसएस प्रमुख भागवत के बाद होसबाले ने भी जताई चिंता**



भारत में नए मंदिर-मस्जिद विवाद तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसा कोई सप्ताह नहीं जाता जब किसी नए शहर में मंदिर के नीचे मस्जिद होने का दावा सामने न आए और तनाव बढ़ जाए। हालात इतने नाजुक हो गए हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी इससे चिंतित दिखाई दे रहा है। आरएसएस ने पहले अयोध्या, मथुरा और काशी जैसे बड़े मंदिर-मस्जिद विवादों में ही हिंदू पक्ष के दावों का समर्थन किया था। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कई बार मस्जिदों के नीचे मंदिरों की खोज को रोकने की अपील की है। अब संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भी इसी तरह की चिंता जताई है।

### अधिक शत्रुता और नाराजगी होगी पैदा

होसबाले ने पूछा है कि अगर हम 30,000 मस्जिदों को खोदना शुरू कर दें, यह दावा करते हुए कि वे मंदिरों को तोड़कर बनाई गई हैं, तो भारत किस दिशा में जाएगा? उन्होंने आरएसएस की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका 'विक्रमा' को दिए एक इंटरव्यू में पूछा, 'क्या इससे समाज में और अधिक शत्रुता और नाराजगी नहीं पैदा होगी? क्या हमें एक समाज के रूप में आगे बढ़ना चाहिए या अतीत में फंसे रहना चाहिए? कथित तौर पर नष्ट किए गए मंदिरों को पुनः प्राप्त करने के लिए हमें इतिहास में कितना पीछे जाना चाहिए?' आरएसएस के शताब्दी वर्ष के मौके पर हुए इस इंटरव्यू में होसबाले ने कई विषयों पर संगठन के विचार स्पष्ट किए। इनमें से कई विचार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और संघ से जुड़े अन्य संगठनों के विचारों से मेल नहीं खाते हैं। मस्जिदों के नीचे मंदिरों की खोज पर होसबाले ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन आरएसएस ने शुरू नहीं किया था।

### चौधरी नसंबलपुर मंडल के नए डीआरएम



**संबलपुर ।** सुभाष चंद्र चौधरी ने 4 अप्रैल को मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे संबलपुर का कार्यभार ग्रहण किया। श्री चौधरी भारतीय रेलवे विद्युत अभियांत्रि की सेवा के 1995 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने एचबीटीआई कानपुर से विद्युत इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। इस कार्यभार ग्रहण करने से पहले श्री चौधरी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर में मुख्य विद्युत इंजीनियर, निर्माण के पद पर कार्यरत थे। श्री चौधरी ने धनबाद मंडल में अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक और मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति के रूप में भी काम किया ह। दानापुर, भुवनेश्वर और अंबाला में विभिन्न विद्युतीकरण परियोजनाओं में काम करते हुए उन्हें देश के कई महत्वपूर्ण रेल मार्गों के विद्युतीकरण कार्यों का अनुभव है। श्री चौधरी ने जियाओटोंग विश्वविद्यालय बीजिंग, इनसीड सिंगापुर, आईसीएल आईएफ मलेशिया और आईएसबी, मोहाली में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता की है।

### तमिलनाडु में भाजपा और एआईएडीएमके में फिर हुआ गठबंधन

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में भाजपा और ऑल इंडिया द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम के बीच फिर गठबंधन हो गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसका ऐलान किया है। शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव राज्य में ई पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़े जाएंगे, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन का चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। उन्होंने कहा कि सीटों का बंटवारा बाद में चर्चा के बाद किया जाएगा। शाह ने कहा, भाजपा चुनाव के बाद तय करेगी कि वह सरकार में शामिल होगी या नहीं।

**छ. ग.गृह निर्माण मंडल, वृत्त - बिलासपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वि.क्र. 09

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त - बिलासपुर अन्तर्गत संभाग सक्ती में अटल विहार योजनांतर्गत कुलीपोटा, जांजगीर जिला जांजगीर चांपा में 15 नग सीनि. एम.आई.जी., 16 नग एल.आई.जी. एवं 17 नग ई.डब्ल्यू. एस. कुल 48 भवनों का निर्माण कार्य हेतु प्री-क्वालिफिकेशन के आधार पर (द्वितीय) ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग सक्ती के मो.नं. 9424209051 पर संपर्क करें।

संवाद- 43518 उपायुक्त

**छ. ग.गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना वि.क्र.-08**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त-बिलासपुर अन्तर्गत संभाग रायगढ़ में (1) अटल विहार योजना योजना अंतर्गत धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ में 05 नग सीनियर एम.आई.जी. 22 नग एल.आई.जी. एवं 10 नग ई.डब्ल्यू.एस. भवनों के निर्माण कार्य हेतु द्वितीय ऑनलाईन (2) अटल विहार योजना अंतर्गत पुसौर जिला रायगढ़ में 09 नग जूनि एम.आई.जी. भवनों के निर्माण कार्य हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग रायगढ़ के मो.नं. 9174908523 पर संपर्क करें।

उपायुक्त
संवाद-43524

**Directorate of Horticulture & Farm Forestry, CG**
**Indravati Bhawan, II block,4th Floor, Nawa Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh 0771-2433001-0771-2433002**
**e-mail-dir.horti-cg@nic.in,**
**Website:- http://agriportal.cg.nic.in/horticulture/HortiHi**

**Inviting bid through GeM Portal, For Landscaping and Horticultural work in New Vidhan Sabha Parisar**

The Assistant Director of Horticulture & Farm Forestry, Principal Garden, Raipur, Chhattisgarh, invites bid through Gem Portal for "Horticulture Service-Lumpsum based - General Maintenance, Development & Landscaping of Garden/Lawn/Field/Nursery/Park; Planting trees, Maintenance of Potted/Container Plant in New Vidhan Sabha Parisar, Nawa Raipur Atal Nagar" as per the prescribed Terms of Reference (TOR). Details are as follows:-

*Mode of Submission of Bid & Bid number - GeM Portal (Gem/2025/B/6116269, Dated: 05.04.25)
*Pre-Bid Meet (Date, time & Place) - 16.04.2025 at 15:00 hrs at meeting hall of Directorate of Horticulture & Farm Forestry, Nawa Raipur Atal Nagar
* Estimated Cost of Tender - Rs 10 crore.
* EMD fee/ security deposit - 10 lakhs (FDR)
* Last Date & time for submission of Bid - 01.05.2025 at 12:00 noon
*Date & Time of tender bid opening - 01.05.2025 at 12:30 hrs.

For more details kindly refer TOR from GeM Portal or departmental Website http://agriportal.cg.nic.in/horticulture/HortiHi)

G.- 252600227/4
SD/-
Director Horticulture & Farm Forestry

**कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय**
**ब्लॉक - 3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**
**(फोन - 0771-2636413 फैक्स - 0771-2263412)**
**(Email- highereducation.cg@gmail.com Website- www.highereducation.cg.gov.in)**

क्रमांक/1214/251/आउशि/अराज.स्था/2023 अटल नगर, दिनांक 09.04.2025

**दस्तावेज सत्यापन की सूचना**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा - 2023 में सीधी भर्ती के लिए विज्ञापित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रावीण्य सूची क्रम में अभ्यर्थियों के मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं संगत दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य निम्नांकित तिथियों एवं स्थान पर किया जावेगा।

| क्र. | स्थान | सत्यापन तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय, उच्च शिक्षा, रायपुर / रूसा कार्यालय, विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर (छ.ग.) | 21, 22 एवं 23 अप्रैल 2025 | प्रातः 10.00 बजे से |

सत्यापन के संबंध में जानकारी एवं निर्देश विभागीय वेबसाइट www.highereducation.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

(जनक प्रसाद पाठक)
आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर

जी. 252600219/2

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
**(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)**
**EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION**
**(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)**

**क.रा.बी.नि अस्पताल, डिंगपुर, कोरबा (छ.ग)- 495677**
**E.S.I.C Hospital Dingapur, Korba (C.G)-495677**
**Email: ms-korba.cg@esic.nic.in**
**Website: www.esic.nic.in/www.esic.in**

File No. 592/ESICH KORBA/Secondary Care Empanelment/SST/2022 Date:- 12.04.2025

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**
**EMPANELMENT OF INSTITUTIONS FOR PROVIDING "SECONDARY CARE TREATMENT, DIAGNOSTIC SERVICE & IMAGING SERVICES" TO ESI BENEFICIARIES FOR ESIC HOSPITAL, KORBA, C.G.-495677 ESIC Hospital Dingapur, Korba(C.G.) - 495677**

intends to enter into Tie-up arrangement with reputed Hospitals(Including Diagnostic and Imaging centre) located within **Korba district only to provide Secondary Care Treatment, Diagnostic services and Imaging services** on Cashless basis to the Beneficiaries of ESIC, referred by ESIC Hospital Dingapur, Korba (C.G.) as per prevailing CGHS Nagpur Rates for a period of one years and extendable for another one year (if needed) on mutual agreement, on same terms and conditions and on satisfactory performance of empanelled centre. The applicants may download EOI which comprises the Application forms along with Terms & conditions, guidelines and all Annexure's (Mentioned in EOI) from websites www.esic.nic.in/tenders.php or www.eprocure.gov.in (CPP portal). The last date for submission of the EOI is 22.04.2025 upto 1:00 P.M. on CPP Portal/website. EOI (Filled Application form along with Annexures & all other Documents) in sealed envelope complete in all respect should reach in due time to the ESIC Hospital, Dingapur, Korba - 495677(C.G.) as per schedule given below, with subject captioned "**EOI FOR EMPANELMENT OF HOSPITALS FOR SECONDARY CARE TREATMENT (IMAGING/DIAGNOSTIC CENTRE)" Shrivishnuconstruction18@gmail.com**

| Availability of EOI document in Website / CPP portal | Last date & Time of Submission of Completed EOI (Online) | Last date & Time of Submission of Completed EOI Hard copy (Offline) | Date & Time of Opening of EOI | Place of Submission of EOI fee/ demand draft / Operating of EOIforms & Hard Copy of EOI. |
|---|---|---|---|---|
| 12.04.2025 | 22.04.2025 till 1:00 P.M. | 22.04.2025 till 4:00 P.M. | 23.02.2025 At 2:00 PM | Office Of Medical Superintendent, ESIC Hospital, Dingapur, Korba - 495677 |

Request of proposals received after the scheduled date and time (either by hand or by post) or open request of proposals received though e-mail / fax or without the prescribed fee shall be summarily rejected.

**MEDICAL SUPERINTENDENT**

**कार्यालय, अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम- सेंदरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**Email-smhsbsp.cg@gmail.com**

क्रमांक/भोजन निविदा/2025/809 बिलासपुर, दिनांक:- 08/04/2025
कुल पृष्ठ की संख्या:- 13

**// तृतीय निविदा प्रपत्र // (केवल महिला स्व सहायता समूह हेतु)**

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य | राज्य मानसिक चिकित्सालय, सेन्दरी, बिलासपुर, (छ.ग.) में भर्ती मरीजों को जलपान-भोजन आहार निर्धारित मीनु अनुसार प्रदाय हेतु तृतीय निविदा वर्ष 2024-25 निविदा अवधि आदेश जारी होने के दिनॉक से 01 वर्ष के लिए। |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | रु. 2000/- (रु. दो हजार मात्र) नगद राशि देय एवं वापसी योग्य नहीं |
| निविदा फार्म की विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक :- 17.04.2025 कार्यालयीन दिवसों में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे के मध्य निविदा प्रपत्र भण्डार शाखा से प्राप्त कर सकते है। |
| निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय | दिनांक :- 22.04.2025 सुबह 12:00 बजे तक (केवल रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा जमा किये जायेगें, कार्यालय में सीधे निविदा स्वीकार नहीं किये जाएगें, विलंब होने की स्थिति में कार्यालय जवाबदार नहीं होगी) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक :- 22.04.2025 दोपहर 1:00 बजे खोली जावेगी |
| निविदा धरोहर राशि | रुपये :- 1,80,000/- (रु. एक लाख अस्सी हजार मात्र) का डिमांड ड्रफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक का "अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम- सेंदरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)" के नाम से देय। |
| निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु निर्धारित स्थान | कार्यालय अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम-सेंदरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) (निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु सादे कागज में आवेदन प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते है) |

नोट-: निविदा की शर्तें एवं दरों हेतु प्रारूप निविदा फार्म के साथ दी जावेगी। इसके अलावा निविदा संबंधी समस्त जानकारी बिलासपुर जिले के बेवसाईट www.bilaspur.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर भी अवलोकन की जा सकती है।

अस्पताल अधीक्षक
राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम- सेंदरी, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 252600224/2

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**जिला ईश्तहार**



01. थाना - अजाक जिला मुंगेली
02. अपराध क्रमांक - 01/2025 धारा 191(2), 296, 115 (2) बीएनएस एवं 3 (1) द, 3 (1) ध एससी / एसटी एक्ट
03. अरोपी का नाम व पता -
1. सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता जय सिंह ठाकुर उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम घुठेली
2. विजय यादव पिता शिवकुमार यादव निवासी ग्राम घुठेली थाना सिटी कोतवाली मुंगेली जिला मुंगेली (छ. ग.)
3. हेमंत सिंह ठाकुर पिता गणेश ठाकुर उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम घुठेली,
4. जितेन्द्र सिंह उर्फ जित्तु पिता थान सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी घुठेली,
5. सतीष सिंह पिता स्व. गजराज सिंह निवासी ग्राम घुठेली,
6. ओंकार सिंह पिता स्व. गजराज सिंह निवासी ग्राम घुठेली,
7. रमेश सिंह पिता बहादुर सिंह निवासी ग्राम घुठेली,
8. रवि सिंह पिता स्व. पुंतुसिंह ठाकुर निवासी ग्राम घुठेली,
9. अमन सिंह पिता दिनेश सिह ठाकुर निवासी ग्राम घुठेली,

04. घटना दिनांक - 08.03.2025
05. रिपोर्ट दिनांक - 10.03.2025 के 17:08 बजे।
06. फरार आरेपी का हुलिया - फोटो चस्पा है ।

विवरण:- थाना अजाक में 01/25 धारा 191 (2), 296, 115 (2) बीएनएस एवं 3 (1) द, 3 (1)/ध एससी / एसटी एक्ट को आरोपीगण 1 हेमंत सिह ठाकुर पिता गणेश ठाकुर उम्र 36 वर्ष निवासी घुठेली, 2 सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता जय सिंह ठाकुर उम्र 44 वर्ष निवासी घुठेली, 3 जितेन्द्र सिंह उर्फ जित्तु पिता थान सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी घुठेली, 4 रमेश सिंह पिता बहादुर सिंह ठाकुर निवासी घुठेली, 5 रवि सिंह पिता स्व. पुंतुसिंह ठाकुर निवासी घुठेली, 6 ओंकार सिंह पिता स्व. गजराज सिंह ठाकुर निवासी घुठेली, 7 अमन सिंह पिता दिनेश सिंह ठाकुर निवासी घुठेली, 8 सतीश सिंह पिता स्व. गजराज सिंह निवासी घुठेली, 9 विजय यादव पिता शिवकुमार यादव निवासी घुठेली थाना सिटी कोतवाली मुंगेली जिला मुंगेली का घटना दिनांक 08.03.2025 से सकूनत से फरार है जिसकी पतासाजी हेतु हर संभव प्रयास किया है लेकिन पता नही चल रहा है। उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक मुंगेली द्वारा 5000-00 रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। थाना / चौकी क्षेत्रांतर्गत उक्त आरोपी का पता बताने या गिरफ्तार कराने वाले को उचित ईनाम प्रदाय किया जायेगा सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। थाना /चौकी क्षेत्रांतर्गत उक्त आरोपी का पता चलने पर संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करते हुए इस कार्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करे।

(1) थाना अजाक मो. नं. 8959674223
(2) कंट्रोल रूम- 9479193044, 07755-264103

पुलिस अधीक्षक
जिला मुंगेली

जी. 252600259/2

## फार्मेसी काउंसिल ने जारी किया सर्कुलर, आईपीए ने मांगी शिकायत

# बंद होगा दवाओं में छूट का प्रलोभन, विज्ञापन करने पर फार्मासिस्ट का पंजीयन निलंबित

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

आपसी प्रतिस्पर्धा की वजह से दवाओं की कीमतों में छूट का विज्ञापन करना फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन के खिलाफ है। छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल ने ऐसी प्रक्रियाओं पर रोक लगाने का सर्कुलर जारी किया है। चेतावनी दी गई है कि जांच में अगर शिकायत सही पाई जाती है, तो दुकान संचालक का फार्मासिस्ट पंजीयन निलंबित किया जा सकता है। इसके अलावा प्रदेश के सबसे बड़े फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने विज्ञापन करने वालों की शिकायत मांगी है।

जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र और तेलंगाना के फार्मेसी काउंसिल एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दवाओं की कीमतों में छूट देने किए जाने वाले विज्ञापन पर रोक लगा रखी है। इसी आधार पर पिछले दिनों छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा सभी फार्मासिस्टों को एडवाइजरी जारी की गई है। बताया गया है कि दवाओं की कीमतों में छूट दिए जाने का विज्ञापन फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन फार्मेसी एक्ट 1948 के तहत स्थापित नियम है, जिसे वर्ष 2015 से पूरे देश में लागू किया गया है। काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर द्वारा तर्क दिया गया है छत्तीसगढ़ में भी इस दवा में छूट का प्रलोभन देना या



किसी प्रकार का प्रचार-प्रसार करना गलत है। इस तरह की शिकायत मिलने पर दवा दुकान के पंजीकृत फार्मासिस्ट का पंजीयन निरस्त करने के साथ ड्रग लाइसेंस रद्द कराने की कार्रवाई की जाएगी। फार्मेसी काउंसिल के अलावा राज्य के इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन (आईपीए) द्वारा अपने सदस्यों से ऐसी हरकतों से दूर रहने कहा है, साथ ही प्रचार-प्रसार करने वाले दवा दुकान संचालक की शिकायत करने की अपील की है।

# रायगढ़ के एसडीओ और रेंजर को शोकॉज नोटिस

## नाले पर अवैध रूप से पंप हाउस बनाने का मामला, उड़नदस्ता ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

वन वृत्त बिलासपुर के रायगढ़ वन मंडल में पूंजीपथरा स्थित सराईपाली जंगल में अवैध रूप से पंप हाउस बनाकर एनआर इस्पात एंड पॉवर प्रायवेट लिमिटेड को पानी पहुंचाने की सूचना पर रायपुर की उड़नदस्ता टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इस मामले में बिलासपुर वन वृत्त के सीसीएफ प्रभात मिश्रा ने रायगढ़ वन मंडल के एसडीओ और रेंजर को शोकॉज नोटिस जारी करने के साथ डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड को सस्पेंड कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सराईपाली बीट के घने जंगल के अंदर एनआर इस्पात कंपनी अवैध तरीके से प्राकृतिक नाले पर पंप हाउस बनाकर पानी लेने की तैयारी कर रही थी। जंगल के अंदर गुपचुप तरीके से पंप हाउस बनाकर पाइप लाइन बिछाने की शिकायत पर रायपुर से वन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने रायगढ़ पहुंचने के बाद जांच की और निर्माणाधीन पंप हाउस को जेसीबी से ढहा दिया। इसके साथ ही बिछाए गए पाइप और बिजली के तारों को भी जब्त कर लिया गया। यहां पंप हाउस बनाकर 600 मीटर तक पाइप लाइन बिछा दिया गया था, जो कि वन संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन है। इस मामले की जानकारी बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक प्रभात मिश्रा को भी दी गई।

अवैध नर्माण की जानकारी विभाग के अधिकारियों को भी थी, लेकिन उनकी ओर से कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया गया। उड़नदस्ता की टीम ने प्रारंभिक जांच के दौरान बीटगार्ड आशीष सिदार को निलंबित कर दिया।

वहीं जानकारी मिलते ही बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक प्रभात मिश्रा ने बीट गार्ड के साथ डिप्टी रेंजर को भी सस्पेंशन आर्डर जारी किया है। इसके साथ मामले में संलिप्तता के संदेह पर रायगढ़ वन मंडल के एसडीओ और रेंजर को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### ली जाएगी पेनाल्टी

रायगढ़ वन मंडल में पंप हाउस बनाने का काम चुनाव के समय से किया जा रहा था। इसे सूचना मिलने के बाद तोड़ दिया गया। इसके लिए कंपनी से पेनाल्टी भी ली जाएगी। सूचना मिलने के बाद बीट गार्ड और डिप्टी रेंजर को सस्पेंड करने के साथ ही एसडीओ और रेंजर को शोकॉज नोटिस भी दिया गया है।

**प्रभात मिश्रा**
सीसीएफ, वन वृत्त बिलासपुर

# सड़कें टिकाऊ हों और बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े-साव

## उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री ने की विभागीय समीक्षा, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा में काम पर जोर



हरिभूमि न्यूजःरायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नए कार्यों के साथ ही सड़कों की मरम्मत की गुणवत्ता पर भी खास ध्यान देने को कहा, ताकि सड़कें टिकाऊ हों और बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता और सक्रियता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे किसी भी कार्य या कार्यालय के औचक निरीक्षण के लिए किसी भी दिन पहुंच सकते हैं। विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के परिणाम धरातल पर दिखने चाहिए। श्री साव ने यह बात लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में कही।

उन्होंने राजधानी रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित बैठक में प्रदेशभर में चल रहे सड़क, पुल-पुलिया, भवन निर्माण एवं सड़क मरम्मत के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के कार्यों में कसावट लाने के साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा में काम पूरा करने और प्रभावी कार्य पद्धति अपनाने पर जोर दिया। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी सहित विभाग के सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता तथा कार्यपालन अभियंता समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

### हर हफ्ते करें कार्यों की समीक्षा

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड पर उतरकर कार्यों पर कड़ी नजर रखने तथा अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में करने को कहा। उन्होंने ठेकेदारों से निर्धारित समयावधि में सभी तरह के निर्माण कार्यों को पूरा कराने के निर्देश दिए। श्री साव ने विभागीय अभियंताओं को कार्यों के बेहतर, शीघ्र एवं परिणाममूलक क्रियान्वयन के लिए अपनी इंजीनियरिंग और प्रशासनिक कौशल का दक्षता से उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपनी योग्यता और क्षमता का फील्ड में पूर्ण उपयोग करते हुए अपने कार्यों से प्रदेशवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर खरा उतरने को कहा।

### सचिव ने कही ये बात

लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने अधिकारियों को भवन निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता के साथ ही भविष्य में उसके उपयोग के हिसाब से ड्राइंग-डिजाइन एवं कार्य पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नए कार्यों की मंजूरी के लिए शासन को समय पर प्राक्कलन भेजने को कहा। डॉ. सिंह ने दुर्घटनाओं को रोकने सड़कों से ब्लैक-स्पॉट हटाने और जंक्शन सुधारने के स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता से शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा की गई घोषणाओं को पूर्ण करने संबंधित कार्यों का आंकलन प्रमुख अभियंता कार्यालय को प्राथमिकता से भेजने को कहा, ताकि उन्हें बजट में शामिल किया जा सके।


**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**

**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**सहायक लोको पायलट (एएलपी) 01/2025 की भर्ती हेतु सांकेतिक सूचना**

नीचे तालिका में दिए गए अनुसार सहायक लोको पायलट के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से जमा किये जाने चाहिए।

**आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 12.04.2025** **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 11.05.2025 (23:59 बजे)**

| पद का नाम | 7 वें सीपीसी के अनुसार वेतन लेवल | प्रारंभिक वेतन (₹) | शैक्षणिक एवं चिकित्सा मानक | 01.07.2025 को आयु | कुल रिक्तियाँ (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट (एएलपी) | 2 | 19900/- | विस्तृत सीईएन का संलग्नक-ए | 18-30 वर्ष | 9970 |

उम्मीदवारों को निश्चित रूप से सूचित किया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरण को सत्यापित करें, ताकि गैर-आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में विशेष विस्तृत जाँच के कारण होने वाली असुविधा और अतिरिक्त देरी से बचा जा सके। आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन प्राप्त करने के लिए आधार में नाम और जन्मतिथि को दसवीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र में उपलब्ध पूर्ण नाम और जन्मतिथि के साथ 100 प्रतिशत मिलान करने के लिए अपडेट किया जाना चाहिए। इसी प्रकार ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार को नवीनतम फोटो और नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और आईरिस) के साथ अपडेट किया जाना चाहिए।

यह अधिसूचना पूर्ण रूप से सांकेतिक है। पूर्ण विवरण के लिए आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले विस्तृत सीईएन नं. 01/2025 (एएलपी) को भली-भाँति पढ़ने की सलाह दी जाती है। उपर्युक्त भर्ती के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/महत्वपूर्ण सूचना समय-समय पर नीचे वर्णित आरआरबी की वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।

**सीईएन नं.01/2025 में प्रतिभागी आरआरबी की वेबसाइट**

| आरआरबी | वेबसाइट का पता | आरआरबी | वेबसाइट का पता |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | www.rrbahmedabad.gov.in | भोपाल | www.rrbbhopal.gov.in |
| बिलासपुर | www.rrbbilaspur.gov.in | चेन्नई | www.rrbchennai.gov.in |
| जम्मू-श्रीनगर | www.rrbjammu.nic.in | मालदा | www.rrbmalda.gov.in |
| मुजफ्फरपुर | www.rrbmuzaffarpur.gov.in | प्रयागराज | www.rrbald.gov.in |
| सिकंदराबाद | www.rrbsecunderabad.gov.in | तिरूवनंतपुरम | www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| अजमेर | www.rrbajmer.gov.in | भुवनेश्वर | www.rrbbbs.gov.in |
| चंडीगढ़ | www.rrbcdg.gov.in | गुवाहाटी | www.rrbguwahati.gov.in |
| कोलकाता | www.rrbkolkata.gov.in | मुंबई | www.rrbmumbai.gov.in |
| पटना | www.rrbpatna.gov.in | रांची | www.rrbranchi.gov.in |
| सिलिगुड़ी | www.rrbsiliguri.gov.in | गोरखपुर | www.rrbgkp.gov.in |

संख्या : आरआरबी/एससी/भर्ती/सीईएन 01/2025 (एएलपी)
दिनांक : 11/04/2025

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

**दलालों, धोखेबाजों और जॉब रैकेटर्स से सावधान रहें।**





**खबर संक्षेप**

## शहरों में घरों की औसत कीमत नौ प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** 2024-25 में नई पेश की गई आवासीय परियोजनाओं में भारित औसत कीमतें कच्चे माल की ऊंची लागत के कारण नौ प्रतिशत बढ़ी हैं। प्रमुख नौ शहरों में नए घरों की भारित औसत कीमत 2024-25 में नौ प्रतिशत बढ़कर 13,197 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई, जो 2023-24 में 12,569 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।

# चीन पर उच्च शुल्क से भारतीय उत्पाद अमेरिका में बन सकते हैं अधिक प्रतिस्पर्धी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के चीन पर 145 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने से कपड़ा, चमड़ा, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों के भारतीय उत्पादों को अमेरिका में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने का मौका मिल सकता है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के अनुसार, लाभ अल्पकालिक हो सकते हैं, जब तक कि भारत अपने निर्यात परिवेश को मजबूत करने, अनुपालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और अमेरिकी खरीदारों के साथ संबंध बनाने के लिए इस अवसर का सक्रिय रूप से फायदा नहीं उठाता।

■ सरकार छोटी कंपनियों को सस्ती कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराए

**आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने दिया सुझाव**

### भारत की चीन के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा

श्रीवास्तव ने कहा, 'इस अस्थायी राहत से भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिल सकती है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां भारत चीन के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करता है, जैसे कपड़ा, चमड़े का सामान, इंजीनियरिंग से जुड़ी चीजें और इलेक्ट्रॉनिक। इन क्षेत्रों में भारत की चीन के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा है।'



### आदेश की समीक्षा जरूरी

संस्थापक ने भारतीय निर्यातकों से कहा कि वे नए अमेरिकी कार्यकारी आदेश और सीमा शुल्क दिशानिर्देशों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करें, ताकि यह समझा जा सके कि किन उत्पादों पर नए शुल्क लगेंगे और किन पर छूट होगी तथा इसकी समय-सीमा क्या होगी।

### 27 मई तक नहीं लगेंगे शुल्क

आर्थिक शोध संस्थान ने स्पष्ट किया, " पांच अप्रैल से पहले अमेरिका पहुंच चुके और 27 मई तक अमेरिका पहुंचने वाले सामानों पर नए शुल्क नहीं लगेंगे। पांच अप्रैल से नौ अप्रैल के बीच भेजे गए सामानों पर एक समान 10 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा, जिससे देश-विशिष्ट शुल्कों में वृद्धि नहीं होगी।"

### ब्याज समकारी योजना पुनः लागू हो

इसने सुझाव दिया कि सरकार ब्याज समकारी योजना को पुनः लागू करे, ताकि छोटी कंपनियों को सस्ता कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जाए और सीमा शुल्क के जरिये निर्यात में तेजी लाई जा सके।

### शुल्क टलना भारतीय निर्यातकों के लिए अवसर

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि नए कार्यकारी आदेश में उल्लिखित देश-विशिष्ट शुल्क को 90 दिन के लिए टालना भारतीय निर्यातकों के लिए अवसर प्रदान करता है। चीनी वस्तुओं पर अब 125 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगेगा, जबकि भारत से आयात पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त मूल शुल्क लगेगा।

## ग्रीष्म ऋतु में स्वास्थ्य रक्षा और औषधोपचार के लिए श्री वैद्यनाथ धाम आयुर्वेद उपयोगी

**नागपुर।** गर्मियों के मौसम में स्वास्थ्य की रक्षा के लिए विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। सूर्य की प्रखर किरणों से लू लगकर शरीर में अनेक उपद्रव उत्पन्न हो जाते हैं। गर्मी के दिनों में आयुर्वेद में वर्णित आहार द्रव्यों का सेवन करना चाहिए ताकि शरीर में जलीयांश की कमी न हो। फल व सब्जियों का सेवन अधिक मात्रा में करना चाहिए। इसमें खीरा, 'ककड़ी, प्याज, पौदिना का सेवन अधिक करें। पानी अधिक पिएं। इन सब सावधानियों के रहते हुए भी कभी - धूप में निकलने से उल्टी, दस्त, बदहजमी, पेट दर्द, बुखार आना, पेशाब व छाती में जलन, एसिडिटी इत्यादि रोगों के लक्षण उत्पन्न होते हैं। इसीलिए आयुर्वेद में ग्रीष्म ऋतुचर्या के अंतर्गत आहार विहार का वर्णन किया गया है उसका अनुसरण कर कई रोगों से व उपद्रवों से बचा जा सकता है। साथ ही कुछ द्रव्यों का सेवन करके भी स्वास्थ्य को ठीक कर सकते हैं। इस ऋतु में नीबू कैरी व बेलफल से तैयार पानक का उपयोग करें । गुलकंद व आंवले का मुरब्बा सेवन करें। यदि कुछ लक्षणों के साथ रोगी होने का निदान हो तो तुरन्त आयुर्वेद में वर्णित औषधोपचार करें। पित्त की वृद्धि होने पर ताजा अनार से निर्मित बैद्यनाथ दाडिमावलेह का सेवन करें । यह तुरन्त दाह को कम कर शीतलता देता है। पेशाब में जलन होना, रूक-रूक कर होना, लाल रंग की पेशाब होना ऐसी शिकायत होने पर बैद्यनाथ गोकषुरादि गुग्गुलु 2 टेबलेट सुबह-शाम जल के साथ लें । साथ ही बैद्यनाथ चन्दनासव 4-4 चम्मच दवां भोजन के बाद दो बार लेवें। शे हैजा या ग्रेस्टो इस ऋतु में बहुत होता है। पाचन शक्ति कमजोर होती है पतले दस्त से शरीर में जलीयाशं कम होता है। ऐसे में बैद्यानाथ संजीवनी बटी लें । बार-बार आंवयुक्त दस्त होने पर बैद्यनाथ अमिबिका टेबलेट एक टेबलेट सुबह शाम पानी के साथ लें। भूख न लगना, कमजोरी होना, खाने में अरूचि होना इस प्रकार के लक्षण होने पर बैद्यनाथ द्राक्षासव स्पेशल का सेवन करें।

Baidyanath

## रिलायंस ज्वेल्स ने 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया - तिरुपति कलेक्शन'का 10वाँ संस्करण पेश किया

**मुंबई ।** रिलायंस ज्वेल्स अपने सिग्नेचर 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया' कलेक्शन में तिरुपति कलेक्शन का 10वाँ संस्करण प्रस्तुत किया है। यह उत्कृष्ट सोने और हीरे के ज्वेलरी कलेक्शन अक्षय तृतीया समारोह को दैवीय अनुकंपा प्रदान करता है। बारीकी के साथ तैयार किए गए ये डिज़ाइन भगवान बालाजी की आध्यात्मिक महिमा, पवित्र तिरुमाला पहाड़ियों और श्रीनिवास कल्याणम के सुंदर आकर्षण को दर्शाती है। चाहे वह राजसी चोकर हो, शानदार लंबे हार, हस्तनिर्मित चूड़ियाँ या खूबसूरती से गढ़ी गई बालियां, हर आभूषण मंदिर परंपराओं की कलात्मकता को प्रतिबिंबित करती है, जो आधुनिकता के साथ सहजता से मिश्रित होती है। अपनी बेहतरीन कृतियों के अलावा, 'ज्वेलस ऑफ इंडिया - तिरुपति' कलेक्शन में भगवान बालाजी के पवित्र तत्व को रोज़मर्रा की ज़िंदगी में शामिल करने के लिए डिज़ाइन किए गए हल्के वज़न वाले पहनने योग्य आभूषणों की एक श्रृंखला भी शामिल है। ये सस्ती एवं सुरुचिपूर्ण सर्जनाएँ ग्राहकों को अपने दैनिक जीवन में आध्यात्मिकता और परंपरा से परिचित कराती हैं, जबकि भव्य डिज़ाइन विशेष अवसरों पर शो स्टॉपर बनते हैं। लांच पर रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ सुनील नायक ने बताया कि आभूषण केवल एक श्रृंगार नहीं है यह विरासत, आस्था और दैवीय संबंध की एक शाश्वत अभिव्यक्ति है। ज्वेलस ऑफ इंडिया तिरुपति कलेक्शन भगवान बालाजी को एक भावपूर्ण श्रद्धा है, जिसके हर हिस्से में उनका आशीर्वाद है। यह अक्षय तृतीया की भावना को खूबसूरती से प्रस्तुत करता है। 2019 में अपनी शुरुआत के बाद से रिलायंस ज्वेल्स की ज्वेल्स ऑफ इंडिया ने अपने शानदार आभूषण संग्रह से कई राज्यों में समृद्ध कलात्मक परंपराओं की खोज की है। प्रत्येक संस्करण ने आभूषणों को इन राज्यों की विरासत, शिल्प कौशल और सांस्कृतिक रूपांकनों को बेहतरीन डिज़ाइनों में खूबसूरती से उकेरा है।



# औद्योगिक उत्पादन फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर इस साल फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण सुस्त पड़ी है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस बीच, सरकार ने जनवरी, 2025 के लिए औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में जारी आंकड़ों में इसके पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।

### गिरावट चौतरफा रही

इससे पहले, पिछला निचला स्तर पिछले साल अगस्त में रहा था। उस समय वृद्धि दर शून्य प्रतिशत पर स्थिर रही थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, "...पिछले साल फरवरी 29 दिन का होने से तुलनात्मक आधार कमजोर रहा और आईआईपी की सालाना वृद्धि इस साल फरवरी में घटकर 2.9 प्रतिशत रही...गिरावट चौतरफा रही।



### सालाना आधार पर वृद्धि कम रही

उपयोग आधारित वस्तुओं समेत बिजली को छोड़कर दो क्षेत्रों में वृद्धि दर धीमी हुई है। इसके कारण इस साल फरवरी में सालाना आधार पर वृद्धि कम हुई है।"उन्होंने कहा, "खनन का वृद्धि प्रदर्शन फरवरी, 2025 की तुलना में मार्च, 2025 में बिगड़ने की आशंका है। हालांकि विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि बनी रहने के बीच इसकी भरपाई बिजली उत्पादन बढ़ने से होने की उम्मीद है।"

### बिजली का उत्पादन धीमा होकर 3.6 फीसदी

आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2025 में बिजली उत्पादन की वृद्धि भी धीमी होकर 3.6 प्रतिशत पर रही जो एक साल पहले इसी महीने में 7.6 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी अवधि में छह प्रतिशत थी।

### एनएसओ ने जारी किया आंकड़ा

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि फरवरी, 2025 में सुस्त पड़कर 2.9 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.9 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन वृद्धि आलोच्य महीने में 1.6 प्रतिशत रही जो एक साल पहले फरवरी महीने में 8.1 प्रतिशत थी।

## ओला इलेक्ट्रिक ने इलेक्ट्रिक रोडस्टर एक्स बाइक पेश की

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने तमिलनाडु के कृष्णागिरी में स्थित अपने संयंत्र फ्यूचरफैक्ट्री से पहली रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिल पेश की है। यह बाइक इसी महीने बाजार में आने वाली है। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भविष अग्रवाल ने बयान में कहा, "रोडस्टर एक्स श्रृंखला इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति को अगले स्तर पर ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल**

अनुलग्नक–अ

**कार्य का विवरणः–** अकलतरा रेलवे स्टेशनों में दो पहिया, चार पहिया, एवं पी.सी.सी.वी. वाहनों के लिये निर्धारित पार्किंग लॉट में निर्धारित पार्किंग कार्य हेतु लाइसेंस के आबंटन के लिये ई–नीलामी। 3 वर्षों की अवधि के लिये अकलतरा रेलवे स्टेशनों में दो पहिया, चार पहिया, एवं पी.सी.सी.वी. वाहनों के लिये निर्धारित पार्किंग लॉट में निर्धारित पार्किंग कार्य हेतु लाइसेंस के आबंटन के लिये ई–नीलामी आमंत्रित की गई है।
कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर दिनांक 02–04–2025 को प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:–

| कैटेलॉग क्र. | श्रेणी | नीलामी दिनांक एवं समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| PARK-MIX-AKT-25 | PARKING MIXED | 21-04-25 13:30:00 | PARKING-BSP AKT-MX-9-25-1 | अकलतरा रेलवे स्टेशनों दो पहिया, चार पहिया, एवं पी.सी.सी.वी. वाहनों के लिये निर्धारित पार्किंग लॉट में निर्धारित पार्किंग कार्य हेतु लाइसेंस | 1096 दिनों |

सीपीआर/10/FL/08 सहायक वाणिज्य प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**FEDERAL BANK** YOUR PERFECT BANKING PARTNER **सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित खाते/खातों में सोने के आभूषणों को **फेडरल बैंक लिमिटेड, रायपुर शंकर नगर/रायपुर मुख्य शाखा/बिलासपुर शाखा** द्वारा **25-04-2025** या उसके बाद की किसी भी तारीख को नीचे दर्शाई गई शाखाओं में निजी बिक्री के लिए रखा जाएगा क्योंकि संबंधित उधारकर्ता गिरवी रखी गई वस्तुओं को भुनाने/ऋण खाते/खातों को नियमित करने में विफल रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित शाखाओं से संपर्क किया जा सकता है।

| नाम | खाता सं. |
|---|---|
| अरूण कुमार तिवारी | 19456400018662 |
| संध्या दुबे | 19456400018746 |
| सनी बजाज | 19456400018126 |

**नीलामी/निजी बिक्री 25 अप्रैल 2025 को की जाएगी । रायपुर/शंकर नगर शाखा- 18/1421, कुशल वाटिका, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492007, फोन नं. 07712422900**

| नाम | खाता सं. |
|---|---|
| जामा दास | 14456400007363 |

**नीलामी/निजी बिक्री 25 अप्रैल 2025 को की जाएगी । रायपुर शाखा- एलसी आर्केड भूतल, वंदना बजाज के पास, आश्रम चौक रामकुण्ड, जी.ई. रोड रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001**

| नाम | खाता सं. |
|---|---|
| विजय कुमार हदलेस्कर | 16666400041455 |
| गुंटाला वेंकटा सन्यासी राव | 16666400044848 |
| रूपा दीवाकर | 16666400048385 |
| इमरान अली | 16666400044970 |

**नीलामी/निजी बिक्री 25 अप्रैल 2025 को की जाएगी । बिलासपुर शाखा- फेडरल बैंक, गुरूकृपा बिल्डिंग, व्यापार विहार मेन रोड बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, फोन नं. 07752-261462**

## बालदोटा ग्रुप इस्पात क्षेत्र में देगा दस्तक

**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में कार्यरत बालडोटा समूह कर्नाटक में 1.05 करोड़ टन उत्पादन क्षमता वाली परियोजना स्थापित करने के लिए 54,000 करोड़ रुपये के निवेश से इस्पात क्षेत्र में दस्तक देने की योजना बना रहा है। एक बार चालू हो जाने पर, यह नई परियोजना राज्य का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र होगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र. 01/न.पा.नि./जोन क्र.3/2025-26 दिनांक 11/04/2025
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 02.05.2025 को सायं काल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा क्रमांक / सिस्टम टेंडर. नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 166941 | वार्ड क्र. 22 डॉ. बी.आर. अम्बेडकर स्वामी आत्मानंद स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 15.00 | 02.05.2025 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जोन क्र. - 3**
**न.पा.नि. बिलासपुर(छ.ग.)**

Green City, Clean City, Dream City.

**सार्वजनिक सूचना** NOVA IVF FERTILITY

यह सूचित किया जाता है कि **NOVA IVF Fertility**, रायपुर में **Jan-2017 से Dec-2021** की अवधि के दौरान संग्रहीत कुछ गामेट्स और/ या भ्रूण नियत समयावधि के उपरांत भी बिना किसी आगे के निर्देश के पड़े हुए हैं। नियामक दिशानिर्देशों एवं आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुसार, अब इन गामेट्स/ भ्रूणों को नष्ट करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

यदि आप इन गामेट्स/ भ्रूणों के अधिकृत दावेदार हैं अथवा इन्हें आगे संरक्षित रखना चाहते हैं, तो कृपया इस प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर **NOVA IVF Fertility**,रायपुर से संपर्क करें।

निर्धारित समय सीमा के भीतर संपर्क न करने की स्थिति में इन गामेट्स/भ्रूणों को मानक चिकित्सीय एवं कानूनी प्रक्रिया के अनुसार नष्ट कर दिया जाएगा।

**संपर्क विवरणः NOVA IVF Fertility Raipur**
**पता**- दैनिक भास्कर, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर-1, ब्लॉक नंबर-9, रजबंधा मैदान, रायपुर
**फोन**:- 9163091630, 07714010901
**ईमेल**:-[ccm.raipur@novaivffertility.com,accounts.raipur@novaivffertility.com]

## रियल एस्टेट में मार्च में इक्विटी निवेश 74% बढ़ा

**नई दिल्ली।** संपत्तियों की मजबूत मांग के बीच भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च अवधि में सालाना आधार पर इक्विटी निवेश 74 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2.9 अरब डॉलर रहा। जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान निवेश प्रवाह मुख्य रूप से डेवलपर गतिविधि और रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट और संस्थागत निवेशकों की महत्वपूर्ण रुचि से प्रेरित रहा।' जनवरी-मार्च 24 में कुल इक्विटी निवेश 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर था। रियल एस्टेट से जुड़ी सेवाएं देने वाली सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अंशुमान मैगजीन ने कहा, 'वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र लगातार जुझारूपन दिखा रहा है।

**कार्यालय, नगर पंचायत झगराखाण्ड जिला-एमसीबी (छ.ग.)**

13/तक./ न.पं.झ./2025-26 झगराखाण्ड, दिनांक 11/04/2025
**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा सबमिट करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Number 166973 | कार्यालयीन कार्य, लोक निर्माण, चौकीदार, वाहन चालक, जलप्रदाय (पी.एच.ई.) एवं पार्क, सफाई कार्य एवं उच्च कुशल/ कुशल/अर्द्धकुशल/ अकुशल श्रमिक प्रदाय कार्य। | 4500000.00 | 45000/- | 05.05.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत झगराखाण्ड जिला-एमसीबी (छ.ग.)

**आम सूचना**

**ICICI Bank** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुक्ता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। चूँकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम **23 अप्रैल, 2025** को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन **https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे** अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अभनपुर | |
| 785862000115 | सालिक राम ध्रुव |
| 042562002679 | जयंत विश्वास |
| शाखा का नाम : बस्तर, छत्तीसगढ़ | |
| 360162001880 | विसम्बर बघेल |
| 360162001886 | बलराम पटेल |
| शाखा का नाम : भाटापारा | |
| 134562001195 | दिनेश जांगड़े |
| 134562001199 | पूरन कुमार वर्मा |
| 134562001200 | पूरन कुमार वर्मा |
| शाखा का नाम : बिलासपुर-मंगलाचौक | |
| 181462002406 | सरोजिनी साहू |
| शाखा का नाम : बिलासपुर-सरकंडा | |
| 734962000615 | तरूण मिश्रा |
| शाखा का नाम : चिरमिरी | |
| 162562002846 | रवि कुमार सिंह |
| 162562002851 | सुशील गुप्ता |
| 162562002853 | संजय कुमार परवार |
| शाखा का नाम : दीपका | |
| 216562000648 | निशा निशा |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108562012183 | स्वर्णा दवे |
| 108562011198 | प्रभु नाथ कश्यप |
| 108562012175 | भवानी शंकर महापात्रा |
| 108562012200 | अंजू ठाकुर |
| शाखा का नाम : जगदलपुर II | |
| 443162001014 | रघुवंश यादव |
| 443162001000 | पंचू राम कश्यप |
| शाखा का नाम : जांजगीर-नेताजी चौक | |
| 782862000124 | रामा चौहान |
| शाखा का नाम : कवर्धा | |
| 098762001204 | आशा आर सिंह |
| शाखा का नाम : कोंडागांव, छत्तीसगढ़ | |
| 328162003623 | संतोष कोर्राम |
| 328162005640 | लाल बाई पटेल |
| 328162005652 | चंदन सोरी |
| शाखा का नाम : कोरबा | |
| 035362003668 | रितेश पटेल |
| शाखा का नाम : कोरबा-बाल्को नगर | |
| 756062000581 | कोटिकला बाला सरस्वती |
| शाखा का नाम : कुसमी, छत्तीसगढ़ | |
| 372162000290 | असलम खान |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : महासमुंद | |
| 084162003775 | सेतराम ठाकुर |
| शाखा का नाम : नागरनार | |
| 263962002575 | ईश्वर कश्यप |
| 263962002511 | सत्यनारायण सत्यनारायण |
| 263962003072 | लिमसर बघेल |
| शाखा का नाम : नया रायपुर | |
| 390762000533 | संतोष कुमार त्रिपाठी |
| शाखा का नाम : पत्थलगांव | |
| 782162000055 | विशाल अग्रवाल |
| शाखा का नाम : रायगढ़ | |
| 092662002865 | परमवीर सिंह |
| शाखा का नाम : रायपुर-सुंदर नगर | |
| 409562000910 | विनाद कुमार गुर्जर |
| शाखा का नाम : राजनांदगांव | |
| 062462002892 | दुर्गा बाई सारथी |
| शाखा का नाम : सारंगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 371862002334 | दवेन्द्र कुमार चौहान |
| शाखा का नाम : सुकमा | |
| 788262000173 | मोहम्मद असलम सरीफ |
| शाखा का नाम : अर्रा | |
| 062262005672 | शैलेष कुमार सिंह |

दिनांक : 12.04.2025
स्थान : बस्तर, कोरबा, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर, कोंडागांव, महासमुंद, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, जशपुर, सुकमा, सरगुजा, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, राजनांदगांव, सारंगढ़-बिलाईगढ़, भिलाई
सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**कार्यालय, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्र. 1712/स्था./न.प./2025 किरोड़ीमलनगर दिनांक 11/04/2025
**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय निविदा आमंत्रण सूचना।।**

नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के विभिन्न विभागों में कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से कलेक्टर दर पर 16 प्लेसमेंट कर्मचारी, 08 मानवबल एवं 10 स्वच्छता कमांडो कुल 34 श्रमिक प्रदाय वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागो में पंजीकृत ठेकेदारो से जिनका कर्मचारी भविष्य निधि संगठन रायपुर एवं ई. पी.एफ. व ई.एस.आई.सी. का पंजीयन तथा जी. एस. टी नंबर हो, उनसे निविदा प्रपत्र "अ" में निम्नानुसार ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 167017 | निकाय के विभिन्न विभागो में कार्य हेतु 34 प्लेसमेंट श्रमिक/ सफाई श्रमिक प्रदाय ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु (उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल, अकुशल श्रमिक) | 55.00 लाख | 02/05/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.inसे डाउनलोड की जा सकती है, एवं निकाय के स्थापना शाखा/ लोक निर्माण में कार्यालयीन दिवस में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर**

**कार्यालय, नगर पंचायत झगराखाण्ड, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**

क्रं./15 / तक./न.पं.झ./2025-26 झगराखाण्ड, दिनांक 11/04/2025
**// मैनुअल पद्वति निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत नगर पंचायत झगराखाण्ड द्वारा निम्नानुसार वर्णित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त लिफाफे में कार्य का नाम/टी.डी.आर. /एफ.डी.आर./कार्य का विवरण/दिनांक/राशि लिफाफा के उपर अंकित होने पर ही लिफाफा स्वीकार किया जायेगा।
1. निविदा प्रपत्र पंजीकृत डाक व स्पीड पोस्ट से प्राप्त होने की अंतिम तिथि- 06.05.2025 समय 4.00 बजे सायं तक। 2. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय- 06.05.2025 समय 4.00 बजे सायं से।

| | कार्य का विवरण एवं मद | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (FDR/TDR) | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | वार्ड क्र. 05, 06, 09, 13 में सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालय में मरम्मत / उन्नयन कार्य | 8.500 | 8500/- | 750/ |
| 2 | संबर्सिबल पंप सेट, हैण्डपंप मरम्मत संधारण सामग्री, पाईप लाईन सामग्री (वार्षिक निविदा वर्ष 2025-26) | 9.00 | 9000/- | 750/ |
| 3 | सफाई सामग्री (वार्षिक निविदा 2025-2026) | 5.00 | 5000/- | 750/ |
| 4 | पी.एच.ई. सामग्री (वार्षिक निविदा वर्ष 2025-26) | 8.00 | 8000/- | 750/ |

नोट:-1. अपरिहार्य कारणो से यदि निविदा प्रपत्र प्रदाय अथवा निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को अवकाश घोषित होता है तो ऐसी स्थिति में निविदा प्रदाय/निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जावेगा।
2. निविदा से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं नियम शर्ते एवं सामग्री की सूची कार्यालयीन समय में अवलोकन किया जा सकता है एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाइट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत झगराखाण्ड जिला-एमसीबी (छ.ग.)

**homefirst** We'll take you home

**Home First Finance Company India Limited**
**CIN: L65990MH2010PLC240703,**
**Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com**

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम | संपति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुरेन्द्र बंजारे, राधा बंजारे | मकान- के.एच.नं.41/10, प.ह.नं.41, मौजा सैदा, मौजा सैदा, प.ह.नं.41, तह-सकरी व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी : उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- जोहरमल की जमीन, पश्चिम- सड़क। | 03-02-2025 | 11,66,845 | 06-04-2025 | 11,90,250 | 1,19,025 | 13-05-2025 (11 am-2pm) | 11-05-2025 (upto 5pm) | 8789804126 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तों हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर : 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-** । बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा, वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी प्रकार से किसी तीसरी पार्टी का दावा/अधिकार/बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपती की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

दिनांक : 12-04-2025 स्थान : बिलासपुर
द्वारा हस्ताक्षरित, प्राधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## नवजागरण पर एकाग्र

## आर्ष भारत प्रदर्शनी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया अवलोकन



*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 अंतर्गत शोधपीठ कार्यालय परिसर, बिड़ला भवन में प्रदर्शित भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केन्द्रित आर्ष भारत प्रदर्शनी का अवलोकन किया। भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केन्द्रित आर्ष भारत प्रदर्शनी में 100 से अधिक ऋषियों, मनीषियों, महापुरूषों के चित्रों को देशभर के चित्रकारों ने तैयार किया है। यह प्रदर्शनी भारतीय ऋषियों द्वारा दिये गये वैज्ञानिक योगदान को बताती है और यह स्पष्ट करती है कि भारतीय वैज्ञानिक परंपरा कितनी समृद्ध थी।*







## विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप का लोकार्पण

उज्जैन

जो प्राचीन काल से कालगणना का प्रमुख केंद्र रहा है, विगत वर्ष यहाँ विश्व की पहली वैदिक घड़ी स्थापित की गई। यह वैदिक घड़ी भारतीय कालगणना की समृद्ध परंपरा को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विक्रमोत्सव 2025 में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप का लोकार्पण किया है। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय कालगणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है। भारतीय कालगणना सर्वाधिक विश्वसनीय पद्धति का पुनरस्थापन विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के रूप में उज्जैन में किया गया है। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 फरवरी 2024 को किया गया। भारतीय कालगणना की इस परंपरा को व्यावहारिक बनाने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का एप भी तैयार किया जा चुका है। यह एप जीपीएस द्वारा संचालित है। जिससे यह किसी भी स्थान पर सूर्योदय के समय को सटीकता से जान पाता है और उसके अनुसार वैदिक समय की गणना करता है। यह एप 180 से अधिक भारतीय एवं वैश्विक भाषाओं में देखा जा सकता है। यह घड़ी सूर्योदय से परिचालित है। अतः जिस स्थान पर जो सूर्योदय का समय होगा उस स्थान की कालगणना तदनुसार होगी। स्टेंडर्ड टाइम भी उसी से जुड़ा रहेगा।

**समृद्ध परंपरा पुनर्जीवित करने का एक प्रयास**

इस एप के माध्यम से वैदिक समय, लोकेशन, भारतीय स्टेंडर्ड टाइम, ग्रीन विच मीन टाइम, तापमान, वायु गति, आर्द्रता, भारतीय पंचांग, विक्रम सम्वत, मास, ग्रह स्थिति, योग, भद्रा स्थिति, चंद्र स्थिति, पर्व, शुभाशुभ मुहूर्त, घटी, नक्षत्र, जयंती, व्रत, त्यौहार, चौघडिया, सूर्य ग्रहण, चन्द्रस ग्रहण, आकाशस्था, ग्रह, नक्षत्र, ग्रहों का परिभ्रमण आदि की जानकारी समाहित है।

**प्रयास** — 30 जून 2025 तक पूरे मध्यप्रदेश में होंगे आयोजन

# भारतीय अस्मिता का सवा सौ दिवसीय उत्सव सनातन संस्कृति के स्वरूप से बनेगा 'कीर्तिमान'

*विक्रमोत्सव 2025 : विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 भारतीय समाज को अपने ही इतिहास से परिचित करवाने का प्रयास है।*

उज्जैन

विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 का शुभारंभ केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की गरिमामय उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महाशिवरात्रि (26 फरवरी 2025) को हुआ। विक्रमोत्सव का यह प्रथम चरण सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा (30 मार्च 2025) को सम्पन्न हुआ और इसी दिन जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ भी किया गया। जो 30 जून 2025 तक पूरे मध्यप्रदेश की नदियों, तालाबों एवं जल संरचनाओं के संवर्धन, संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस वर्ष विक्रमोत्सव की शुरूआत कलश यात्रा अंतर्गत विन्टेज कार, स्पोर्ट्स बाईक व जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुति से हुई। 51 महाशिवरात्रि मेलों, सिंहस्थ 2028 की रूपरेखा का लोकार्पण शामिल है साथ ही सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में आनंदन शिवमणि एवं दल तथा हंसराज रघुवंशी की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। विक्रम व्यापार मेला, वस्त्रोद्योग, हाथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी, आदि शिल्प अंतर्गत जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।




### बहुआयामी और अंतर्राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक तथा सम्राट विक्रमादित्य और उनके युग के ऐतिहासिक महत्व को पुनः जीवंत करने के उद्देश्य से 18 वर्ष पूर्व एक दिवसीय आयोजन के रूप में प्रारंभ हुआ विक्रमोत्सव, आज 125 दिनों तक आयोजित होने वाला एक भव्य, बहुआयामी और अंतर्राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप ले चुका है। संभवतः इतनी लंबी अवधि तक चलने वाला यह विश्व का एकमात्र उत्सव है। विगत वर्षों में विक्रमोत्सव ने देश के सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी उत्सवधर्मी पहचान को बखूबी स्थापित किया है। विक्रमोत्सव ने समय के साथ नवाचार और विविधता का समावेश करते हुए न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान स्थापित की है।

### लोक समाज के लिए पर्व बना विक्रमोत्सव

विक्रमोत्सव 2025 एक इवेंट नहीं है यह लोक समाज के लिए पर्व बन चुका है। 26 फरवरी से 30 जून 2024 तक आयोजित यह समारोह देश-प्रदेश की सांस्कृतिक दुनिया का सबसे लंबी अवधि तक चलने वाला आयोजन है। विक्रमोत्सव में जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन, जनजातीय परंपरागत चिकित्सा शिविर, प्रदर्शनी, वेद अंताक्षरी, संगीत, नृत्य, नाटक, चित्र, मूर्तिकला, पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव, राष्ट्रीय विज्ञान समागम, अंतर्राष्ट्रीय इतिहास समागम, भारतीय बोलियों व हिन्दी भाषाई अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, शोध परक पुस्तकों के प्रकाशन तो इसमें शामिल है ही साथ ही भारतीय कालगणना की प्राचीनतम, प्रामाणिक एवं विश्वसनीय पद्धति पर आधारित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के एप का लोकार्पण भी किया जा रहा है। इसके अलावा सबसे अलंकरण समारोह भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा सम्मान सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान एवं तीन राज्य स्तरीय सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान प्रदान किये।

### दुनिया का अनोखा उत्सव

विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 भारतीय समाज को अपने ही इतिहास से परिचित करवाने का प्रयास है। विक्रमोत्सव एक आयोजन मात्र नहीं है बल्कि यह उस भारतीय परम्परा का द्योतक है जहाँ हम अपने पूर्वजों का पुण्य स्मरण करते हैं और उनके बताये रास्ते पर चलकर भारतवर्ष को नित नयी ऊँचाई तक पहुँचाने का विनम्र कोशिश करते हैं। वर्ष 2006 से निरंतर विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। विगत समय में इसमें ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, वैचारिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, सामाजिक, व्यावसायिक तथा विरासत व विकास के विभिन्न आयामों को समाहित किया गया है। इसका नवाचार इसे दुनिया में अपने तरह का अनोखा उत्सव बनाता हैं।

## अलंकरण समारोह... महाराजा विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान




यह सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों न्याय, दानशीलला, वीरता, सुशासन, खगोल एवं ज्योतिष विज्ञान, कला, शौर्य, प्राच्य वांग्मय, राजनय, आध्यात्मिक और रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य के क्षेत्र में श्रेष्ठतम उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया। यह सम्मान प्रतिवर्ष प्रदान किया जायेगा। इस सम्मान के अंतर्गत पुरस्कार के रूप में 21 लाख रुपये की राशि के साथ प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पट्टिका प्रदान की जायेगी।

### सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान

यह सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों न्याम-विधि, खगोल एवं ज्योतिष विज्ञान, कल्य, शौर्य, प्राध्य वांग्मय, राजनय, आध्यात्मिक क्षेत्र रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य के क्षेत्र में श्रेष्ठतम उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया। यह सम्मान प्रादेशिक होगा। यह सम्मान प्रतिवर्ष तीन प्रतिष्ठित संस्था व व्यक्तियों को प्रदान किये जायेंगे। पहली श्रेणी न्याय, दानशीलता, वीरता, सुशासन, राजनम, शौर्य होगी। दूसरी श्रेणी में खगोल विज्ञान, ज्योतिष विज्ञान तथा प्राच्य वांग्मय विषय को सम्मिलित किया गया है और तीसरी श्रेणी में रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य करने वाली संस्था या व्यक्ति को सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। इस सम्मान के अंतर्गत पुरस्कार के रूप में 5 लाख रूपये की राशि के साथ प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पट्टिका प्रदान की जावेगी।

*12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर होगा आयोजन*

# सीएम मोहन यादव ने किया ऐलान- लाल किले पर होगा विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन

भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में विक्रमोत्सव के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य के महामंचन की घोषणा की। यह भव्य कार्यक्रम 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सम्राट विक्रमादित्य के शासन और उनके द्वारा स्थापित सुशासन के सिद्धांतों पर आधारित मंचन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का कहना है कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है और उनका व्यक्तित्व आज भी लोगों को प्रेरित करता है। इस महानाट्य में 250 से अधिक कलाकार अभिनय करेंगे, जिसमें हाथी, घोड़े और पालकी का भी प्रयोग होगा। यह प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य के साम्राज्य और उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रयास है। पहले हैदराबाद



में भी विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन किया जा चुका है, और अब दिल्ली में इसे और भी भव्य रूप में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विक्रम संवत के 60 विभिन्न नामों का उल्लेख करते हुए कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने 57 ईस्वी पूर्व में विक्रम सम्वत की शुरुआत की थी, जिसे आज भी प्रचलित किया गया है। यह संवत भारत की गौरवमयी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बन चुका है। सम्राट विक्रमादित्य का शासन, उनकी न्यायप्रियता, दानशीलता और प्रजा के प्रति संवेदनशीलता आज भी प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने विक्रमादित्य के शासन में नवरत्नों के समूह का उल्लेख किया, जो उनकी शासन व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे। ये नवरत्न विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ थे और उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य के शासन को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पड़ोसी देशों में भी अपनी महिमा का परचम लहराया था। सम्राट विक्रमादित्य के द्वारा किए गए कार्य, जैसे कि मथुरा और अयोध्या में मंदिरों का निर्माण, आज भी उनके योगदान को प्रासंगिक बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार किसानों को कर्ज मुक्त करने की दिशा में लगातार काम कर रही।

### सम्राट विक्रमादित्य के कार्यकाल की समानता

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों को सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल से जोड़ते हुए कहा कि विक्रमादित्य ने 2000 साल पहले गणतंत्र की स्थापना की थी और कभी खुद को राजा नहीं कहा। यह आधुनिक भारत की दिशा और प्रधानमंत्री मोदी की सोच के समान है, जो खुद को देश का प्रधान सेवक मानते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश सरकार विक्रमादित्य के जीवन और उनके कार्यों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

**गौरव** — उज्जैन का गौरव महाकाल है, महाकाल की महिमा अपूर्व हैः पीएम मोदी

# उज्जैन की धरती पर धर्म, संस्कृति और परंपराओं का महाकुंभ

***आकाशे तारकेलिंगम, पाताले हाटकेश्वरम।***
***मृत्युलोके महाकालं, त्रयलिंगम नमोस्तुते।।***

अर्थात आकाश में तारकालिंग, पाताल में हाटकेश्वर, तथा पृथ्वीलोक में महाकाल हैं। महाकाल की महानता सर्वव्यापी है। इस भूलोक में महाकाल कहां विराजित हैं इस जिज्ञासा की पूर्ति के लिए वराह पुराण में कहा गया है कि "नाभिदेशे महाकालस्तन्नाम्ना तत्र वै हरः"। यह नाभिदेश उज्जैन ही है। उज्जैन का गौरव महाकाल है महाकाल की महिमा अपूर्व है।

शिव पुराण के अनुसार द्वादश ज्योतिर्लिंगों में महाकाल प्रसिद्ध है क्योंकि वे स्वयं कालों के काल हैं। कर्क रेखा उज्जैन से ही गुजरती है, जिसके केन्द्र के रूप में कर्कराजेश्वर मंदिर विद्यमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कहा गया है कि भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन वह नगरी है, जो प्रलय के प्रहार से भी मुक्त है। "प्रलयो न बाध्यते, ततमहाकाल पूज्यते"। उज्जैन न केवल काल गणना एवं ज्योतिषिय गणना का केन्द्र है, अपितु यह भारत की आत्मा का केन्द्र भी है। विक्रमादित्य के प्रताप से भारत के स्वर्णकाल की शुरूआत हुई। विक्रम संवत महाकाल की भूमि से ही शुरू हुआ। उज्जैन के क्षण-क्षण में इतिहास, कण-कण में आध्यात्म और कोने-कोने में ईश्वरीय ऊर्जा है। उज्जैन ने एक हजार वर्षों तक भारत की सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान, गरिमा, साहित्य, कला का नेतृत्व किया। कालिदास एवं बाणभट्ट की रचनाओं में



यहाँ की सभ्यता, संस्कृति, शिल्प और वैभव का वर्णन मिलता है।'श्री महाकाल लोक' दिव्य है। यहाँ सब कुछ अलौकिक, अविस्मरणीय एवं अविश्वसनीय है '। महाकाल लोक में हमारी सांस्कृतिक परम्परा को कला एवं शिल्प के रूप में उकेरा गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैनी के महत्व का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि उज्जैनी में संपूर्ण सृष्टि समाहित है। विश्व के सात सागर प्रतीक स्वरूप उज्जैन के सप्त-सागर में विद्धमान है, 84 लाख योनियों का प्रतिनिधित्व उज्जैन का 84 महादेव मंदिर करता है। द्वारिका सहित हमारी कई ऐतिहासिक और पौराणिक घटनाओं की पुष्टि वर्तमान का ज्ञान और आधुनिक यंत्र करते हैं। राजा विक्रमादित्य न्याय के प्रतीक थे। विक्रमोत्सव भव्य स्वरूप से आयोजित होगा। प्रदेश में औद्योगिक विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इन्हें साकार किया जाएगा।

### राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव

*अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, खगोल विज्ञान, जीआईएस एंड रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोग, कृषि एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, इनोवेश स्किल डेवलपमेंट, भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर व्याख्यान एवं परिचर्चा। विद्यार्थियों के लिए फेस टू फेस इंटरेक्शन। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित कार्यशालाएँ। साइंस शो, साइंटिफिक मॉडल कांपटीशन टेलिस्कोप से नाइट स्काई वाचिंग। प्रदेश के 300 से अधिक युवा शोधार्थियों द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के 18 विषयों में शोध पत्र का वाचन। उत्कृष्ट शोध पत्रों को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार एवं फैलोशिप। विभिन्न विषयों में 30 से अधिक युवा वैज्ञानिक पुरस्कार। प्रथम पुरस्कार राशि रु. 25000/-, द्वितीय पुरस्कार राशि रु. 20000/- तृतीय पुरस्कार राशि रु. 15000/-। सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर के संस्थान/प्रयोगशाला में शोधकार्य एवं कौशल उन्नयन हेतु तीन से छह माह तक फैलोशिप 20000/- प्रतिमाह।*

**विक्रमोत्सव प्रर्दशनी**

## उज्जैनवासियों ने देखे सैंकड़ों साल पुराने तोप के गोले

उज्जैन

विक्रमोत्सव में इस बार एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। बिड़ला भवन सम्राट विक्रमादित्य शोधपीठ परिसर में प्राचीन अस्त्र-शस्त्रों की यह प्रदर्शनी शुरू हुई है। अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर के निदेशक डॉ. आरसी ठाकुर के अनुसार, प्रदर्शनी में सैकड़ों साल पुराने शस्त्र रखे गए हैं।

प्रदर्शनी में 1817 के एंग्लो-मराठा युद्ध से जुड़े हथियार भी प्रदर्शित किए गए हैं। महिदपुर में हुए इस युद्ध में तीन हजार मराठा सैनिकों ने 20 दिसंबर 1817 की रात बलिदान दिया था। युद्ध क्षेत्र से प्राप्त तोप के गोले, संगीन और टूटी तलवारें भी यहां रखी गई हैं। प्रदर्शनी में धातु और कछुए की पीठ से बनी ढालें भी शामिल हैं। इनका उपयोग तलवार के वार से बचाव के लिए किया जाता था। इस प्रर्दशनी का विशेष आकर्षण 80 किलोग्राम वजनी लोहे का बख्तरबंद चोगा है।



### प्रदर्शनी में रखे ये हथियार

पुरानी लोहे व तांबे की तलवारें, बर्डी, कवच, तोप के गोले, बारूद दानी, ढाल, कंठ पट्टा, वज्र, अंकुश, खंजर, दंड पट्ट, बख्तरबंद, धनुष बाण, कुल्हाड़ी, मुरकी, पुराने समय की दूरबीन, कुकरी, शिरस्त्राण, मशालें, महिला सुरक्षा के लिए संगीन, फरसे, भाले, हाथी दांत से बनी दस्ट गन जिसमें दश्मन पर वार करने के लिए जहरीली सुई फूंकी जाती थी। सुरक्षा के लिए संगीन, फरसे, भाले, हाथी दांत से बनी डस्ट गन जिसमें दुश्मन पर वार करने के लिए जहरीली सुई फूंकी जाती थी। पीतल से बनी दूरबीन, मशाल के साथ ही पांच करोड़ साल पुराने जीवाश्म भी प्रदर्शनी में रखे गए हैं।

D-13001/25

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 57 वर्ष बाद आया ....

उत्सव फलदायी साबित होगा।
हस्त नक्षत्र, व्याघात योग संग शनिवार का संयोग : इसके अतिरिक्त हनुमान जन्मोत्सव पर इस बार हस्त नक्षत्र, व्याघात योग और शनिवार का शुभ संयोग बन रहा है। हस्त नक्षत्र शाम 6 बजकर 8 मिनट तक रहेगा।

### 350 साल से ....

फसल में कीड़े नहीं लगते हैं। वहीं दूसरी ओर इस मंदिर परिसर में 18 वीं सदी में पंचदशनाम काशी से आए संत रुक्खड़नाथ ने समाधि ली थी। सबसे अहम बात तो यह है कि इस गांव में गरुणाकार हनुमान की प्रतिमा के चमत्कार की वजह से एक भी व्यक्ति की सर्पदंश से मौत नहीं हुई है।नारधा गांव में गोबर से बनी हनुमान प्रतिमा आज भी जस की तस है।

### यह गर्व का क्षण ...

ही तैयार होंगे, और नवा रायपुर, अटल नगर में हमारे इंजीनियर इन्हें बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष दिसंबर में दिल्ली में आयोजित एक इंवेस्टर्स कनेक्ट प्रोग्राम में राज्य के अधिकारियों की मुलाकात पोलीमैटेक के प्रबंधन से हुई थी और उसी समय कंपनी ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताई थी।

### ऐसा गांव... जहां लोग ....

उस स्कूल के तीन किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए। अर्थात छात्र के निवास स्थान के तीन किलोमीटर के दायरे में जो विद्यालय आते हैं, उन स्कूलों में ही उन्हें प्रवेश दिया जा सकता है। ब्राइटन, एनएच गोयन, ज्ञान गंगा, द आरंभ, श्यामंटक सहित कई शीर्ष निजी विद्यालय इस क्षेत्र में स्थित हैं। ये सभी स्कूल कई एकड़ जमीन में फैले हुए हैं। यहां प्रवेश पाने के लिए शहर में रहने वाले पालक नरदहा ग्राम में निवास के दस्तावेज प्रस्तुत करने फर्जी किरायानामा बनवा रहे हैं। इस फर्जी किरायानामा के आधार पर वे इन स्कूलों में प्रवेश प्राप्त कर रहे हैं।

### अब आया ईएएल, जिस...

विष्णुदेव साय सरकार ने होलोग्राम हटाने के लिए फैसला किया था कि इसकी जगह अब ईएएल यानी एक्साइज एडेसिव लेवल लगाया जाएगा, वह लगना शुरू हो गया है। अब ये माना जा रहा है कि शराब में होलोग्राम की आड़ में होने वाला फर्जीवाड़ा नहीं होगा।

### सरकारी एजेंसी ने...

है कि, यह कदम न केवल राजस्व को बढ़ावा देगा, बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

### आरआरआर का जलवा ....

में तारीफें बटोरी हैं। जूनियर एनटीआर और राम चरण की इस फिल्म ने एक बार फिर इंटरनेशनल लेवल पर बड़ी अचीवमेंट हासिल की है। ऑस्कर अकादमी की तरफ से इस मूवी को नई शामिल की जा रही कैटेगिरी के लिए प्रशंसित किया गया है। अकादमी के इस फैसले पर मशहूर निर्देशक एसएस राजामौली ने खुशी जाहिर की है।

### मंदिर की जमीन में...

में भी स्वीकार किया कि जैतूसाव मठ के मामले में नियमों की अनदेखी कर मुआवजे का भुगतान कर दिया गया। बागेतरा की जमीन का कुल मुआवजा 2 करोड़ 37 लाख का होता है, जिसमें से 2 करोड़ 13 लाख रुपए के मुआवजे का भुगतान कर दिया गया है। जबकि नियम के अनुसार न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण में किसी पक्षकार को मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा सकता।

### यहां भी अधिक मुआवजे...

1 करोड़ 94 लाख 58 हजार 272 रुपए का अधिक भुगतान किया गया। मंदिर ट्रस्ट ने इसकी शिकायत 2023 में ही कलेक्टर से की थी।

### शिकायत के बाद भी...

और मुआवजा नहीं देने का आग्रह किया। इसके बावजूद अफसरों ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर मुआवजा दे डाला।

### कम से कम भगवान...

यह पता था कि प्रकरण कोर्ट में है, इसके बाद भी कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर मुआवजे का खेल कर डाला।

### चीन ने भी अमेरिका...

निफ्टी भी 429.40 अंक यानी 1.92 प्रतिशत बढ़कर 22,828.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 524.75 अंक बढ़कर 22,923.90 पर पहुंच गया था। शुल्क युद्ध की बढ़ती चिंताओं और वैश्विक आर्थिक नरमी की आशंका के कारण अमेरिकी डॉलर सूचकांक 100 अंक से नीचे आ गया। इससे सर्राफा कीमतों को और समर्थन मिला। **30 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़े**- घरेलू बाजार में आई तेजी के बीच सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे। टाटा स्टील में सर्वाधिक 4.91 प्रतिशत की तेजी रही जबकि एचडीएफसी बैंक 2.33 प्रतिशत बढ़त पर रहा। पावर ग्रिड, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अदाणी पोर्ट्स में भी तेजी देखी गई। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए ( **ट्रंप ने 90 दिन के लिए टैरिफ को किया निलंबित**- बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस की तरफ से जारी आदेशों के मुताबिक, अमेरिका ने इस साल नौ जुलाई तक 90 दिनों के लिए भारत पर लगे अतिरिक्त शुल्क को निलंबित करने की घोषणा की है। इसके पहले दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को माल निर्यात करने वाले लगभग 60 देशों पर शुल्क और भारत जैसे देशों पर अलग से शुल्क लगाया था। **दुनिया के बाजारों का ऐसा रहा हाल**- चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध तेज होने से बढ़ती चिंताओं के बीच वैश्विक बाजारों में बिकवाली का जोर देखा गया। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का सूचकांक निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग चढ़कर बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को बड़ी गिरावट रही। अमेरिकी स्टॉक मार्केट से चीनी कंपनियों को करेगा बाहर- अमेरिका और चीन के बीच कारोबारी जंग लगातार गहराती जा रही है। इस बीच अब एक और आफत चीन पर आ गई है कि इसकी जो कंपनियां अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट है, उन पर डीलिस्ट की तलवार लटक रही है। अमेरिका का कहना है कि चीन की कंपनियों को अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंजों से हटाने को लेकर प्रस्ताव तैयार है। फैसला अब राष्ट्रपति ट्रंप को करना है।

### दोरनापाल और कोंटा के...

प्रबंधक पी.सत्यनारायण सहित फॉरेस्ट विभाग के वायरलेस ऑपरेटर महावीर सिंह के यहां छापा पड़ा था। कुल 9 स्थानों में छापेमार कार्रवाई के साथ केरलापाल प्रबंधक बंकिम सरकार बीट गार्ड पवन सहारे और गादीरास में नाकेदार गणेश पोयम के मकानों में छापेमार कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि सुकमा जिला के कोंटा, दोरनापाल व सुकमा क्षेत्र में चल रही कार्रवाई से जिले के भ्रष्ट लोगों में हड़कंप मचा है।

### देश में एक बिलियन ...

ही दंतेवाड़ा जिले के तीन और कांकेर जिले के एक लौह अयस्क ब्लॉक के प्रीफर्ड बिडर आदेश प्रदान किए।

**खनिज सचिव दयानंद ने दिया प्रेजेंटेशन**- मुख्यमंत्री के सचिव और खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा संचालित खनन गतिविधियों एवं नीतियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खनिज संसाधनों के समुचित दोहन एवं प्रबंधन के लिए केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों का बेहतर समन्वय करते हुए कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 28 प्रकार के खनिज मौजूद हैं। हमारा राज्य देश के कुल क्षेत्रफल का मात्र 4% होने के बावजूद राष्ट्रीय खनिज उत्पादन मूल्य में 17% से अधिक का योगदान देता है और खनिज उत्पादक राज्यों में द्वितीय स्थान पर है। **छत्तीसगढ़ को मिला 14 हजार 195 करोड़ का राजस्व**- खनिज राजस्व और अन्वेषण में ऐतिहासिक प्रगति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने लगभग 14,195 करोड़ रुपये का खनिज राजस्व अर्जित किया है, जो प्रदेश की कुल आय का 23 प्रतिशत और जीएसडीपी का 11 प्रतिशत है। राज्य ने ई-नीलामी के माध्यम से 48 मुख्य खनिज ब्लॉक्स का सफलतापूर्वक आवंटन किया है। उन्होंने कहा कि 2024-25 की 56 अन्वेषण परियोजनाओं में से 32 सामरिक, क्रिटिकल व डीप सीटेड खनिजों के लिए हैं। पिछले वर्षों में ई-नीलामी के माध्यम से ग्रेफाइट, ग्लूकोनाइट,निकल-क्रोमियम-पीजीआई, गोल्ड जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के 10 ब्लॉक्स आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश का पहला लिथियम ब्लॉक कटघोरा में सफलतापूर्वक आवंटित हुआ है, जो ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम है और यह हमारे राज्य की क्षमता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
सौंपे लिथियम ब्लॉक के कंपोजिट लाइसेंस
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज समीक्षा बैठक के दौरान कटघोरा लिथियम ब्लॉक के कंपोजिट लाइसेंस अनुबंध दस्तावेज और 04 लौह अयस्क ब्लॉक्स के प्रीफर्ड बिडर आदेश सफल बोलीदाताओं को प्रदान किए। इसके साथ ही टिन खनिज के 03 भौमिकी प्रतिवेदन ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु भारत सरकार के कोयला मंत्रालय को सौंपा गया है। चूंकि टिन सामरिक महत्व का खनिज है, इसलिए खनिज अधिनियम के तहत इसके आवंटन का अधिकार भारत सरकार के खान मंत्रालय को है। प्रदेश के खनिज विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा, सुकमा और बस्तर जिले अंतर्गत तीन ब्लॉक्स को चिन्हित किया गया है। इसमें ग्राम नेरली, जिला दंतेवाड़ा; ग्राम कुमा कोलेंग, जिला सुकमा; और ग्राम कुमा कोलेंग, जिला सुकमा एवं बस्तर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा भारत का पहला लिथियम ब्लॉक, ई-नीलामी के माध्यम से कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र में माईकी साउथ माइनिंग प्रा. लि. को 76.05 प्रतिशत की उच्चतम बोली के साथ आवंटित किया गया है।इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से दंतेवाड़ा और कांकेर जिलों के कुल चार लौह अयस्क ब्लॉक्स के लिए उच्चतम बोलीदाताओं आर्सेलर मित्तल, रूंगटा सन्स और सागर स्टोन को आवंटित किया गया है।**ये अधिकारी हुए शामिल**- इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, सचिव अंकित आनंद, कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव रुपिंदर बराड़, संयुक्त सचिव बीपी पति, कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद, एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन, खनिज संचालक सुनील जैन एवं इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस के अधिकारी सहित केंद्र तथा राज्य सरकार के खनिज विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### कोयला-खनन क्षेत्र ...

नवाचारी पहल की गई हैं। हमारे राज्य में कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, टिन, चूना पत्थर सहित कई क्रिटिकल खनिजों की उपलब्धता है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के साथ ही देश की औद्योगिक प्रगति में भी अहम भूमिका निभाती हैं। विकसित राष्ट्र की परिकल्पना के परिप्रेक्ष्य में सामरिक महत्व के खनिजों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा अपनी अन्वेषण योजना में व्यापक बदलाव करते हुए क्रिटिकल खनिजों के अन्वेषण को प्राथमिकता दी जा रही है।

### केंद्र राज्य मिलकर ...

का पत्थर हैं। केंद्र सरकार खनिज संसाधनों के अन्वेषण, सतत उपयोग और खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़, खनिज क्षेत्र में अपनी मजबूत भूमिका निभाते हुए देश के समग्र विकास में प्रभावी योगदान देता रहेगा।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें
एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- घरेलू कार्य करने एवं बच्चा संभालने के लिए लड़की या महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अमेरी विशाल नगर कालोनी, बिलासपुर मो. 9131820581, 7000016930, 73544 50991 (37390)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 8 वीं 10 वीं, 12 वीं पास महिलाओं एवं लड़कियों की आवश्यकता है पता समाधान नर्सिंग होम के सामने आकांक्षा रियल स्टेट राजीव गांधी चौक 8982555947 (37391)

आवश्यकता है- वेयर हाउस रोड बिलासपुर स्थित संस्था में पार्ट टाइम सुबह 8 बजे से दोपहर 2बजे तक के लिए रिसेप्शनिस्ट हेतु योग्य महिला/युवती की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9229449481 (37393)

आवश्यकता है- कृष्णा सेल्स कार शोरूम में कार्य करने हेतु कार ड्रायवर- 2-पद, कार सफाई 2-पद, कार सेल्स हेतु 2-पद की आवश्यकता है पता भाटिया फ्यूल्स, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर मो. 93006 74767 (37392)

आवश्यकता है- जुड़वां बच्चों व घर के 24घंटे देखभाल के लिए महिला/लड़की की आवश्यकता, रहना खाना फ्री. संपर्क - 7974809122, 8602538992 (37394)

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वन विभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां , पद - वन सिपाही, वन रक्षक, क्लर्क, वन पाल सैलरी -25000/- से 35000/-आवेदन के लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप / संपर्क करें - 9933803418 (801)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल्स दुकान मे फ्रीज, एसी, कूलर, पंखा आदि रिपेयरिंग, तथा साइड में जाकर वायरिंग फिटिंग करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। पता - अरुण इलेक्ट्रिकल्स चंद्रा पार्क के सामने वृहस्पति बाजार बिलासपुर। 7869102080 (37398)

आवश्यकता है- कार ड्राइवर की तत्काल आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- सुबह 10 से दोप. 1बजे एवं शाम 4 से 7बजे तक, हरिअमृत मैरिज रिसोर्ट, सीपत रोड, मोपका बिलासपुर 9827114005 (37371)

आवश्यकता है- रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर -(50,000/- से 25 लाख तक )(1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिज़नेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन सिविल ख़राब लोन पाए 9289384524 (800)

आवश्यकता है- बिलासपुर में कार्य करने हेतु लेवर एवम पिकअप ड्राइवर (अनुभवी को प्राथमिकता) की शीघ्र आवश्यकता है। संपर्क करें - 9425272222 (37399)

आवश्यकता है- कुशल लेथ आपरेटर, शेपर आपरेटर, पेल्डर एवं हैल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग सेक्टर A, जेसीबी डायनैमिक के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 78280 70065 (37387)

आवश्यकता है- महिला कंप्यूटर, Telly account, हिंदी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग, PA, आफिस वर्क, चाय + सफाई!पुरुष : मेडिकल मशीन /ऑर्थो orthopedic समान मार्केटिंग & सर्विस, समान लाने लेजाने हेतु पुरुष, गार्ड (रात + डॉग के लिए), Car Driver, 14000 - 25000,भारत मेडिकल सिस्टम, MIG 70, नेहरू नगर, बिलासपुर 7879177222 PINAKA मेडिकल, Sec 11, कमल विहार, Raipur 96854 89247 (37396)

आवश्यकता है- कपड़े के शोरूम में कार्य करने के लिए दो अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 11000 तक सम्पर्क करें- रूपवर्षा, गोल बाजार सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 9827163669 (37385)

आवश्यकता है- एकाउंटिंग साफ्टवेयर चलाने हेतु कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। केवल अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें- मुकेश कुमार अधीजा तिफरा फल सब्जी मण्डी बिलासपुर 8817098291 (37377)

आवश्यकता है- विज्ञापन एजेंसी में ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, फलेक्स माउंटिंग हेतु लडकों एवं एलईडी लेटर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करें -सी 15, ग्राउंड फ्लोर, नारायण प्लाजा, बिलासपुर 9752390684, 6264550163 (37378)

आवश्यकता है- ऑफिस में टैली कॉलिंग कार्य हेतु लड़कियों व महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन उम्र 18 से 28 वर्ष तक सम्पर्क करें– मंगला चौक बिलासपुर 8085106943

आवश्यकता है- OMI कम्पनी में लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000+ रहना खाना। पता- न्यू बस स्टैण्ड बिलासपुर 8818877406, 96444 33021 (37351)

आवश्यकता है- मेडिकल एजेन्सी में आर्डर एवं वसूली के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क 9111000629 (37383)

आवश्यकता है- होटल में कार्य करने हेतु कुशल मिस्त्री एवं रोटी बनाने और बर्तन धोने के लिए बाई की तत्काल आवश्यकता है सम्पर्क करें- फुड जोन ईदगाह रोड बिलासपुर 9039791624 (37380)

आवश्यकता है- दर्रीघाट करारी साइड में कंस्ट्रक्शन कार्य के लिए डिप्लोमधारी, अनुभवी सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 99772 91777 (37362)

आवश्यकता है- बाईक ऑटो पार्ट्स दुकान, लॉज में (हाउस कीपिंग) काम और घर में (खाना बनाना+ डस्टिंग) कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 78695 23344, 7301717175 (37389)

आवश्यकता है- रियल स्टेट TNC प्रोजेक्ट के मार्केटिंग+ टेलीकॉलिंग एवं सेल्स कार्य हेतु 20 शिक्षित युवक/ युवतियों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन+ कमीशन योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित 13/04/2025 दोपहर 1-4 बजे तक सम्पर्क करें- एफिनिटी ग्रोथ मार्केटिंग सॉल्यूशन 9490591000 स्काई टावर फर्स्ट फ्लोर गोविंदम पैलेस के सामने रिंगरोड नं-2, बिलासपुर (37363)

Requirment- Employees Requirement of Fortune Buildcon Bilaspur (1) JR. Engineer 3 Nos (2) Supervisor 5 Nos (3) All Type Vehicles Mechanic Work Experience 3 To 5 Years Contact- 89668 66662, 9300543720 (37375)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक बुधवारी बाजार गेट नम्बर 1, बिलासपुर 9300635599 (37379)

Celesty ICE CREAM
PURE MILK PURE ICE CREAM
REQUIRED
Distributor & Marketing Executive.
Area - All Districts & Town (CG)
info.celesty@yahoo.com
9109124267

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में काम करने के लिए सेल्समेन/ सेल्सगर्ल एवं फुल टाइम ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री शारदा ज्वेलर्स, सदर बाजार खपरगंज स्कूल रोड बिलासपुर 98844 86188, 9827108604 (37382)

आवश्यकता है- रेडिमेड कपड़ा शोरूम में अनुभवी एवं फ्रेसर लड़के, लड़की सेल्समेन चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- Red Mega Mart, मगरपारा रोड, कोटक महिंद्रा बैंक, ऑपोजिट किम्स हॉस्पिटल, बिलासपुर 98261 68423, 9039204116 (37386)

आवश्यकता है- ऑफिस एवं फील्ड वर्क के लिए बिलासपुर में 3 लड़कियां एवं 2 लड़कों की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- 91095 11248, 9244664654 (37388)

आवश्यकता है- फर्नीचर शोरुम बिलासपुर में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, सफाई कर्मचारी एवं कारपेन्टर (बढ़ई) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रातः 10 से 12बजे एवं, रात्रि 8 से 9बजे तक 93006 12345 (37368)

आवश्यकता है- होलसेल बैग दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। अतिशीघ्र सम्पर्क करें- आर.के. बैग हाउस सरजू बगीचा रोड, तेलीपारा, बिलासपुर 97136 15767 (37360)

आवश्यकता है-छड़, सीमेंट दुकान कार्य करने के लिए मेहनती लड़कों वेतन 12000 एवं ट्रैक्टर चलाने हेतु ड्राइवर वेतन 10000 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 93003 07926, 9993443207 (37256)

आवश्यकता है-टेलीकॉलर ऑफिस में काम करने के लिए लड़को के जरूरत है ऑल इंडिया प्लेसमेंट शुरुआती वेतन 10000 रहना फ्री 20वर्ष से 28वर्ष वाले सम्पर्क करे- 7310671995, 63876 30593 (313)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य करने के लिए लड़की या महिला की आवश्यकता है। वेतन 5000 से 7000 तक। सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर बिलासपुर 8962881411, 9826163818 (37373)

आवश्यकता है- ईडन कोर्ट सोसाइटी के लिए सिक्युरिटी गार्ड की आवश्यकता है सैलरी 9000 रहने की सुविधा उपलब्ध है सम्पर्क करें- लोयला स्कूल के पास, लिंगियाडीह बिलासपुर 93037 80984, 9399753983 (37356)

आवश्यकता है- ट्रांसपोर्ट में कार्य करने के लिए कम्प्यूटर आपरेटर स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जय दुर्गा रोड लाइन्स पानी टंकी के पास ट्रांसपोर्ट नगर सिरगिट्टी रोड बिलासपुर 9300678181 (37361)

आवश्यकता है- टेन्ट हाउस में गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। ड्राइविंग लाइसेंस आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 98271 89233 (37365)

आवश्यकता है- यश बिग बाजार में काम करने हेतु सेल्स गर्ल कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सेल्स ब्वॉय की शीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- स्टेट बैंक के सामने राजकिशोर नगर बिलासपुर 93003 29794, 9131876031 (37374)

आवश्यकता है- दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों (कार्य पिकर, चेकर, लोकल डिलीवरी, पैकर) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जगत फार्मा, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर (37366)

आवश्यकता है- नर्सिंग कार्य हेतु लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार गजानन स्मृति हॉस्पिटल बलराम टॉकिज के पास, नेहरू नगर बिलासपुर मिलने का समय 1 से 2 दोपहर (37359)

आवश्यकता है- बिजली दुकान में दुकान का काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- कुसुम इलेक्ट्रीकल्स मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 98279 61245, 9827107799 (37349)

आवश्यकता है- मूर्ति दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जयपुर मूर्ति भंडार संजोग वाटिका के पास अशोक नगर सरकण्डा बिलासपुर (37369)

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल एजेन्सी में दवाई निकालने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मिहिर मेडिकोज मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7974670905 (37358)

आवश्यकता है- फुटवियर शॉप हेतु पैकिंग या सेल्समैन शिप का काम करने हेतु सम्पर्क करें- 12 से 3 बायोडाटा सहित सम्पर्क- मनोहर बूट हाउस, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 7746024415 (37347)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में माल निकालने, जमाने, ट्रान्सपोर्ट में चढ़ाने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रीमीयर एजेन्सी/ सन ट्रेडर्स मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर (37352)

आवश्यकता है- बिलासपुर की सर्वश्रेष्ठ रियल स्टेट कम्पनी में अनुभवी टेलीकॉलर( रियल स्टेट कार्य के लिए) की आवश्यकता है Qualification- Graduation, Salary- 10000+ Incentive, Good Communication Skill सम्पर्क करें- 9630023355, 9407601993 (37355)

आवश्यकता है-नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट पैन कार्ड व्हाट्स एप करे 74609 94309 (781)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कियो एवं महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 30 साल तक संपर्क करे ऑफिस टाइम 10 से 5:30 राजेन्द्र नगर बाल उद्यान के पास 9770245205

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग हेतु 18 से 35 वर्ष की लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है। वेतन 5000/- से 20000/- संपर्क करें:- मंदिर चौक प्रोटीन वर्ल्ड के पास बिलासपुर 7470328986

आवश्यकता है- बिजली कांट्रेक्टर ऑफिस में कार्य करने हेतु मैनेजर-1 पद एवं सुपरवाइजर-1 पद की तत्काल आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9754373800,79873 82110 (37353)

आवश्यकता है-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238 (749)

आवश्यकता है- सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है स्वयं का बाइक अनिवार्य, समान छोड़ने लाने हेतु, योग्यता 10वीं, 12वी, टैली डेटा एंट्री ऑपरेटर की भी जरूरत है सम्पर्क करें- श्री विनायक सेल्स, अज्ञेय नगर बिलासपुर 9893367787 (3426)

आवश्यकता है- रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5, 8 , 10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा वेतन 14500 से 19000 तक संपर्क करें 8109070600 (7086)

आवश्यकता है- सिक्योरिटी एजेंसी में इच्छुक गार्ड जो दिन में ड्यूटी कर सके आकर्षक वेतन कार्य स्थल होंडा शोरूम महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर, सम्पर्क करें- 9981630084, 94255 34940 (3427)

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग, ऑफिस कार्य हेतु लड़की/ महिलाओं की आवश्यकता है। योग्यता 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस से कमाएं 10000 से 15000 पता- महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर 8962358129 (3429)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है, उम्र 18 से 35वर्ष, वेतन 5000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें-साई मन्दिर के पास, नेहरू नगर बिलासपुर 7805932585 (3428)

आवश्यकता है- मैट्रिमोनी में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- आरबी हॉस्पिटल के पास, पत्रकार कॉलोनी बिलासपुर 7987392821 (3432)

आवश्यकता है-बम्पर भर्ती OMMI मल्टीनेशनल कम्पनी को 140 से अधिक लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है आय 10500 से 18500 प्रतिमाह आवास, खाना फ्री परमानेन्ट जॉब पता- दीपसागर कालोनी बिलासपुर 80034 02269, 9519393913 (37283)

## बेचना है

बेचना है- इमलीपारा रघुराज सिंह स्टेडियम के पीछे मेन रोड (कार एसेसरीज कॉम्प्लेक्स) मे 372 वर्गफिट की दुकान बेचना है सम्पर्क करें 7697110111 (37397)

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
गुप्त रोगो का सफल ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी
लिंग में छोटापन।
शीघ्र पतन
पेशाब से धातु जाना।
लिंग में ढीलापन,
शुक्राणु की कमी।
शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
जड़ीबुटी द्वारा छोड़ी हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड,सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

बेचना है-अज्ञेय नगर 30×50 अल्का एवेन्यू 45×85 शान्ती नगर 30×54, डबल स्टोरी मकान अपोलो हास्पीटल 24×64, शुभम विहार 72×43 24×43, 36×43, मरीमाई मेन रोड 132×82 पटवारी प्रशिक्षण कार्यालय 105×166 सम्पर्क- 9425540759 (37245)

बेचना है- रायपुर रोड, हाईकोर्ट के सामने, मेन रोड से 50 मीटर अन्दर न्यू एयरपोर्ट रोड, बोदरी में 50×200= 10000 वर्गफीट व्यवसायिक डायवर्सन, बाउन्ड्रीवाल सहित प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 9300310774 (37354)

बेचना है-श्रीगणेश एन्कलेव, तोरवा में (प्राईम लोकेशन) तोरवा- शिवरिनारायण राष्ट्रीय राजमार्ग एवं कृषि धान मण्डी मार्ग से जुड़ा हुआ दो मंजिला मकान बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 88398 68262, 9424173006 (37384)

बेचना है- बिलासपुर मोपका शारदा विहार कॉलोनी, मेनरोड से 10 मीटर की दूरी में डायवर्टेड प्लॉट सर्वसुविधायुक्त बेचना है (प्लॉट साइज 38x40) संपर्क करें:- 8461997770, 9755173102

बेचना है- तेलीपारा वृंदावन कॉम्प्लेक्स फर्स्ट फ्लोर 2 दुकान गोड़पारा शक्ति बेकरी के सामने 3 मंजिल दुकान सरकंडा पूजा पार्क 3BHK फ्लैट नेहरू नगर मेन रोड 5800 फिट प्लाट इमलीपारा डबल स्टोरी मकान सम्पर्क- 9302855022 (37395)

बेचना है- नई राजधानी का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन केंद्री रायपुर के पास सेमी कमर्शियल प्लॉट उपलब्ध हैं सम्पर्क करें- 9990440140, 9991118972 (3433)

## किराया

किराया- मेन रोड से लगा ग्राउंड फ्लोर 1150, फर्स्ट फ्लोर 1350, सेकेंड फ्लोर 1450 वर्गफीट मुख्य/ साइड प्रवेश द्वार, पार्किंग एसी कमरे सेप्रेट केबिन, पता- सर्वेश क्लासेस, देवनन्दन नगर फेज-2, सरकंडा, बिलासपुर 97523 78172, 9144117651 (37364)

किराया-मोपका मेन रोड में शारदा रेसीडेंसी के बगल में स्थित 2BHK, 7 फ्लैट एवं गुरुनानक चौक जेजे हॉस्पिटल के बगल में सांई निवास कॉम्प्लेक्स के फर्स्ट फ्लोर में 5 दुकान किराए से देना है सम्पर्क करें- 9301186703, 82530 10291 (37320)

## फायनेंस

फाइनेन्स- मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छुट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजो से सावधान) संपर्क 8826459431

सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586




# 600+ दिनों के बाद बतौर कप्तान धोनी की वापसी, पिछले बार चेन्नई बना था चैंपियन


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होनी को अनहोनी कर दे... अनहोनी को होनी... फिर कप्तानी करने लौटे महेंद्र सिंह धोनी। थाला... माही... एक बार फरि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बन गए हैं। 684 से दिनों के बाद उनकी बतौर कप्तान वापसी हुई है। आखरिी बार जब कप्तानी की थी तो चेन्नई सुपर किंग्स चैंपियन बन गई थी।

धोनी शुक्रवार को वो कोलकाता नाइट राइडर्स के खलिाफ एमए चदिम्बरम में कप्तानी करते दखि। 2024 में उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ आए, कप्तानी संभाली। लेकिन वैसा कुछ नहीं कर पाए जो धोनी ने किया था। अब आईपीएल 2025 में चेन्नई की हालत खराब है, ऋतुराज गायकवाड़ इंजरी के कारण इस आईपीएल सीजन से फरि बाहर हो गए हैं। सीएसके पांच मैचों में से 4 मैच गंवा चुकी है। अब चैलेंज धोनी के सामने हैं। क्योंकि वो एक बार फरि उस टीम के कप्तान बने हैं, जसिे उन्होंने अपनी कप्तानी के दम पर 5 बार चैंपियन बनाया है।

## थाला यानी लीडर ने संभाली कमान

वैसै चेन्नई की टीम में धोनी 'थाला' हैं। थाला यानी लीडर। लीडर कभी भी पीछे नहीं हटता है। यही कारण है कि उन्होंने एक बार फरि सीएसके की बागडोर संभाल ली है। पिछले दिनों कयास लगने लगे कि 43 साल के धोनी आईपीएल से संन्यास लेने वाले हैं। इस मैच के तुरंत बाद धोनी का एक पॉडकास्ट के माध्यम से बयान आया। जसिमें माही ने कहा- मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं। मैं चीजों को ईजी रखता हूं। अभी मैं 43 साल का हूं और आईपीएल 2025 के खत्म होने होने तक 44 साल का हो जाऊंगा। इसके बाद मेरे पास 10 महीने का समय होगा कि मैं आगे खेल सकता हूं या नहीं। लेकिन इसका फैसला मैं अपनी बॉडी के आधार पर करूंगा।



## जडेजा की जगह बने थे कप्तान

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में आईपीएल 2025 में इस बार 2022 का रपिीट टेलीकास्ट हो रहा है। वह इसलएि क्योंकि 2022 में भी महेंद्र सिंह धोनी रवींद्र जडेजा की जगह चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बने थे। जडेजा को तब उस सीजन की शुरुआत में कप्तानी सौंपी गई। धोनी ने तब कप्तानी से हटने का फैसला किया था। लेकनि बतौर कप्तान जडेजा प्रेशर हैंडल नहीं कर पाए, उनकी बैटिंग और बॉलिंग दोनों पर इसका नेगेटिव असर पड़ा। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने धोनी को फिर से कप्तान बना दिया।

## फ्रेंचाइजी के सबसे सफल कप्तान

धोनी संयुक्त रूप से रोहित शर्मा के साथ बतौर कप्तान वो खलिाड़ी हैं, जन्हिोंने अपनी टीम को पांच बार आईपीएल का खताब जताया है। वहीं बतौर कप्तान भी धोनी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने 235 टी20 मैचों (आईपीएल और चैंपियंस लीग) में कप्तानी की है, जहां 142 मैचों में जीत दर्ज की, 90 मुकाबलों में हार 1 मैच टाई और 2 मैच बेनतीजा रहे। यहां एक बात समझनी होगी कि धोनी ने 226 आईपीएल मैचों में कप्तानी की है। इन 226 मैचों में में उनको 133 में जीत और 91 हार और 2 बेनतीजा मैच शामलि है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 4 | 1 | 8 |
| दिल्ली | 4 | 4 | 0 | 8 |
| बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

### कपिला-क्रास्टो की जोड़ी एशियन टूर्नामेंट में हारी

**निंगबो।** भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी बैडमिंटन एशिया चैंपि. के मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त तांग चुन मान और सी यिंग सुएत की जोड़ी से हार गई। कपिला और क्रास्टो टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती बचे थे जिन्हें 20-22, 13-21 से पराजय का सामना करना पड़ा।

# चेन्नई सुपर फ्लॉप, लगातार पांचवीं हार चेपॉक में बजा नारायण के नाम का डंका

## कोलकाता ने धोनी की कप्तानी वाली वापसी मैच में सीएसके को 8 विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स को एक बार फिर घर में शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम ने कप्तान बदला लेकिन उसकी किस्मत वैसी की वैसी रही। आईपीएल 2025 के 25वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया। आईपीएल इतिहास में पहली बार चेन्नई सुपर किंग्स लगातार पांच और घर में तीसरी मैच हार गई। दस मैच में चेन्नई की कप्तानी की जिम्मेदारी धोनी ने संभाली थी।टॉस हराने के बाद चेन्नई को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला। चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 2 विकेट खोकर 10.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। नरेन ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। क्विंटन डी कॉक ने 23, कप्तान अंजिक्य रहाणे ने नाबाद 20 और रिंकू सिंह 15 रन पर नाबाद रहे। इसके पहले ऋतुराज गायकवाड़ के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद धोनी को चेन्नई की कमान सौंपी गई। फैंस को उम्मीद थी कि लगातार चार हार के बाद धोनी टीम को जीत की पटरी पर लेकर आएंगे। हालांकि, बल्लेबाजों ने फैंस को निराश कर दिया।



### नारायण का ऑलराउंड प्रदर्शन

लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर ने ठोस शुरुआत की। क्विंटन डी कॉक और सुनील नारायण ने पहले विकेट के लिए 4.1 ओवर में 46 रन की साझेदारी की। अंशुल कंबोज ने क्विंटन डी कॉक (23) को क्लीन बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। नूर अहमद ने सुनील नारायण (44) को पवेलियन की राह दिखाई। हालांकि, तब तक चेन्नई के लिए बहुत देर हो चुकी थी। इसके पहले नारायण ने गेंदबाजी में कहर बरपाते हुए चार ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट चटकाए। हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को दो दो विकेट मिले।

### पूरन और सिराज में दिखेगा दिलचस्प मुकाबला, लखनऊ-गुजरात मैच आज

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जॉइंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। लखनऊ की भीषण गर्मी में इन दोनों टीम के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। गुजरात टाइटंस ने लगातार चार मैच जीते हैं और वह नेट रन रेट बेहतर होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स से ऊपर पहले स्थान पर है। इन दोनों टीम के समान आठ अंक हैं। लखनऊ ने अभी तक तीन मैच में जीत हासिल की है और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ की टीम में पूरन ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 288 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 225 है। वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज ने अभी तक 25 चौके और 24 छक्के लगाए हैं।

खास खबर

## सफेद गेंद के बादशाह साबित हो रहे राहुल



**बेंगलुरु।** एक समय टीम के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने के लिए जूझ रहे केएल राहुल ने चैंपियंस ट्रॉफी से लेकर आईपीएल तक जिस तरह अपनी तकदीर का पासा पलटा है, वह उनके जैसा तकनीकी कौशल का धनी बल्लेबाज ही कर सकता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल मैच में चिन्नास्वामी की पेचीदा पिच पर 175 की स्ट्राइक रेट से 53 गेंद में नाबाद 93 रन बनाकर उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। उनका अर्धशतक जोखिमरहित था जिसमें 29 गेंद में 29 रन बनाने के बाद बाकी 64 रन सिर्फ 24 गेंद में बनाए गए।

### हमें हमारी मांग के अनुकूल पिच नहीं मिली



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मेंटरदिनेश कार्तिक ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच की मांग करने के बावजूद इस सत्र में उनकी टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में चुनौतीपूर्ण पिच मिली हैं। उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन इस संदर्भ में जल्द ही क्यूरेटर के साथ बात करेगा। आरसीबी के बल्लेबाज आईपीएल के वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर खेले दो मैच में पिच धीमी होने के कारण अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसकी टीम ने आठ विकेट पर 169 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 163 रन बनाए।

### हम सरल तौर तरीकों वाली सीधी सादी टीम

**लखनऊ।** गुजरात टाइटंस के मध्यक्रम के बल्लेबाज शाहरुख खान ने कहा कि उनकी टीम के सरल तौर तरीके हैं और अपनी रणनीति को लेकर वह काफी स्पष्ट हैं। गुजरात ने चार सत्रों में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खिताब जीता। इस सत्र में वह पांच में से चार मैच जीतकर शीर्ष पर है। शाहरुख ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक सरल टीम हैं जिसके तौर तरीके भी सरल हैं । टूर्नामेंट में हर टीम मजबूत है और यह सबसे अहम है कि हम अपनी क्रिकेट कैसे खेलते हैं।'



Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on all Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹5000! Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative are may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.
**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता एवं ब्रांच : बिलासपुर: ड्रीम होंडा- 07752 -409057, उसलापुर: ड्रीम होंडा- 9516661444, बिलासपुर: सरकंडा, मौसाजी होंडा-7024149881, 07752-412121, जगमल चौक: मौसाजी होंडा- 07752 -417070, 9109690484, अम्बिकापुर : महामाया होंडा- 7489027000, जसवानी होंडा- 8358063000, बैकुंठपुर: प्रमिला होंडा- 7000405012 , जांजगीर-चांपा: गट्टानी होंडा - 7694011205, कोरबा: विशाल होंडा- 07759-222509, कृष्णा होंडा- 6232103020, जशपुर : देवनारायण होंडा - 9425251702, रायगढ़: शारदा होंडा - 9300473589, शांति ऑटो होंडा - 9343609281, मुंगेली: मानसी होंडा - 9131402454, 8649933333

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy

> ब्रह्मांड रहस्यों से भरा हुआ है और अंतरिक्ष में हर समय अनगिनत उल्कापिंड एस्टेरॉइड धरती की कक्षा के पास से गुजरते रहते हैं। कभी-कभी इनमें से कुछ एस्टेरॉइड इतने बड़े और खतरनाक होते हैं कि अगर वे धरती से टकरा जाएं तो एक पूरे शहर को तबाह कर सकते हैं।

# धरती से टकराने वाले सिटी किलर एस्टेरॉइड का चल गया पता

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

हाल ही में वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ही 'सिटी किलर' एस्टेरॉइड 2024 वाईआर4 की पहचान की है जो अचानक धरती के पास दिखाई दिया था।अब इसकी उत्पत्ति और बनावट को लेकर कई बड़े खुलासे हुए हैं।

### अचानक ही ब्रह्मांड में हुए प्रकट?

असल में साइंस अलर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक 27 दिसंबर 2024 को जब '2024 वाईआर4' नाम का एस्टेरॉइड पहली बार इंसानों की नजरों में आया तो लगा जैसे यह अचानक ही ब्रह्मांड में प्रकट हो गया हो। लेकिन. ऐसा संभव नहीं है कि कोई एस्टेरॉइड बिना किसी स्रोत के आ जाए। वैज्ञानिकों ने अब पता लगा लिया है कि यह अंतरिक्ष चट्टान किस चीज से बनी है।

## उत्पत्ति और बनावट को लेकर हुए कई बड़े खुलासे



### घनी और ठोस चट्टान से बने

इसकी बनावट एस-टाइप एस्टेरॉइड की तरह है जो घनी और ठोस चट्टान से बने होते हैं। इस जानकारी से वैज्ञानिक यह तय कर सकते हैं कि अगर कभी इसे धरती से टकराने से रोकना पड़े तो किस तरह की तकनीक इस्तेमाल करनी होगी। इसके अलावा इसका अनोखा आकार और उत्पत्ति यह संकेत देती है कि इस तरह के अन्य एस्टेरॉइड्स भी हमारे सौर मंडल में मौजूद हो सकते हैं।

### एस्टेरॉइड धरती की ओर खिंच आया

दरअसल, 2024 वाईआर4 मुख्य एस्टेरॉइड बेल्ट के मध्य भाग से आया है जो मंगल और बृहस्पति की कक्षा के बीच स्थित है। आमतौर पर यह क्षेत्र धरती जैसे ग्रहों को उल्काओं से बचाता है, लेकिन इस बार बृहस्पति की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के चलते यह एस्टेरॉइड धरती की ओर खिंच आया। वैज्ञानिक ब्रायस बोलिन का कहना है कि इस क्षेत्र से धरती की ओर बढ़ने वाले एस्टेरॉइड्स की संभावना बहुत कम मानी जाती थी, इसलिए यह खोज हैरान करने वाली है।



### भविष्य में धरती से टकरा सकता है?

बताया गया कि जब यह एस्टेरॉइड पहली बार दिखा तो वैज्ञानिकों को लगा कि यह भविष्य में धरती से टकरा सकता है। हालांकि, बाद में यह खतरा लगभग खत्म हो गया। लेकिन, अभी भी यह संभावना बनी हुई है कि यह 2032 में चंद्रमा से टकरा सकता है। वैज्ञानिकों ने इसकी गहराई से जांच की और पाया कि यह एस्टेरॉइड एक ठोस चट्टान की तरह है। इसकी गति उल्टी दिशा में है। यह हर 20 मिनट में घूमता है और इसका आकार एक चपटे हॉकी पक्क की तरह है।

# बेमेतरा में बन रहा 500 कैदियों की क्षमता वाला ओपन जेल मई में पूरा हो जाएगा, जून में शिफ्ट हो सकेंगे बंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


प्रदेश की जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों की भीड़ व उनके रहने की अमानवीय परिस्थितियों को लेकर पेश जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने हाईकोर्ट को बताया कि मई के अंत तक बेमेतरा में ओपन जेल का निर्माण पूर्ण हो जाएगा। जून से इसे शुरू करने की कोशिश की जा रही है। शासन की ओर से कहा गया कि बेमेतरा में 500 कैदियों की क्षमता वाले ओपन जेल निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है।

शासन के जवाब के बाद हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जून 2025 में रखी है। इसके साथ ही शासन ने जवाब पेश करते हुए कहा है कि रायपुर और बिलासपुर में विशेष जेल बनाई जा रही है। रायपुर में चार हजार और बिलासपुर में 1500 बंदियों की क्षमता वाले जेल का निर्माण किया जा रहा है।

ओपन जेल और जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों के मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से कहा गया कि बेमेतरा में ओपन जेल का काम अंतिम चरण पर है और इसे मई तक पूरा कर लिया जाएगा। हाईकोर्ट ने रायपुर और बिलासपुर में सेंट्रल जेल विस्तार का काम चल रहा है, उसकी प्रगति क्या है के बारे में भी पूछा। डिवीजन बेंच ने अगली सुनवाई के दौरान विस्तृत जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई जून 2025 में रखी गई है।

### परिवार के साथ रहेंगे कैदी, मिलेंगी सुविधाएं

ज्ञात हो कि अन्य जेल की तुलना में खुला जेल में बहुत सारे नियमों को शिथिल कर दिया जाता है। जैसे कैदियों को मिलने का समय, घुमने की आजादी, परिवार के साथ रहने की सुविधा आदि मिलती है। यह जेल बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथर्रा में बन रहा है। राज्य शासन ने 22 करोड़ 12 लाख की स्वीकृति दी है। कैदियों को व्यवसायिक पके साथ-साथ जीविकोपार्जन के लिए अन्य प्रशिक्षण भी प्रदान किए जाएंगे। प्रारंभ होने से गंभीर किस्म के अपराध में संलिप्त नहीं होने वाले अपराधियों को इस जेल में स्थानांतरित किया जा सकेगा।






### बढ़ई, प्लंबर, पेंटर, माली, किसान कैदियों की जानकारी

दरअसल प्रदेश में स्थित विभिन्न जेलों से एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर स्वतः संज्ञान से एक प्रकरण हाईकोर्ट ने दर्ज किया है। ऐसे 340 कैदी है, जिन्हें कि 20 साल से अधिक कारावास की सजा सुनाई गई है और उनकी अपील भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। तब उन कैदियों की क्या दुर्दशा होगी, जिन्हें इतने लंबे समय तक कारावास में रहना पड़ेगा। इस पत्र के आधार पर ही कुल 6 बिंदुओं पर डाटा एकत्र किए गए। इसमें जेल की क्षमता और वास्तव में रखे गए कैदियों की कुल संख्या के बारे में जानकारी ली गई। बढ़ई, प्लंबर, पेंटर, माली, किसान आदि जैसे कुशल पेशेवर कैदियों की कुल संख्या, वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में आने वाले कैदी और जेल से भागने की कोशिश करने वाले कैदियों की संख्या कितनी है यह जानकारी जुटाई गई।

### जेल में रोजगारमूलक कार्य करवाए जाएंगे

शासन की ओर से बताया गया कि कैदियों को जीवन की मुख्यधारा में लौटने में सहायता करने के उद्देश्य से उन्हें व्यवसायिक प्रशिक्षण के साथ साथ अन्य जीविकोपार्जन के विविध कार्य भी सिखाए जाएंगे। इस जेल में डेयरी शेड, पोल्ट्री फार्म, गौर शेड गार्डनिंग वर्क हॉर्टिकल्चर और फ्लोरीकल्चर समेत अन्य कार्य रूचि के अनुसार कराए जाएंगे। खुली जेल में बैरक भवन, प्रशासनिक भवन और वर्कशॉप भवन भी होंगे। जेल निर्माण के लिए 30 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है। इस जेल में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लाए गए कैदियों को जेल में रोजगार मूलक कार्य करवाए जाएंगे। कैदियों को जेल में विशेषकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़कर किए जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, बिना मुहर वाले बाउंस चेक भी बन सकते हैं सजा का आधार

■ कंस्ट्रक्शन कंपनी की बड़ी मुश्किलें

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा 138 के तहत मुकदमा सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता क्योंकि चेक रिटर्न मेमो में बैंक की मुहर या हस्ताक्षर नहीं है। यह फैसला न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास की एकल पीठ ने दिया है। याचिका तुलसी स्टील ट्रेडर्स ने पूर्वा कंस्ट्रक्शन के खिलाफ दायर किया था। मामले में आरोपी मित्रभान साहू को निचली अदालत ने यह कहते हुए बरी कर दिया था कि रिटर्न मेमो में बैंक की अधिकृत मुहर नहीं है और न ही किसी बैंक अधिकारी से पूछताछ हुई। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के इस नजरिए को "प्रक्रियात्मक त्रुटि" करार दिया और इसे खारिज कर दिया।

दरअसल तुलसी स्टील ट्रेडर्स के मालिक पुष्पेंद्र केशरवानी ने दावा किया कि उन्होंने सीमेंट और लोहे की छड़ों की आपूर्ति पूर्वा कंस्ट्रक्शन को की थी। बकाया चुकाने के लिए मित्रभान साहू ने दो चेक एक 67 हजार 640 और दूसरा 1,70,600 का दिया। दोनों ही चेक बाउंस हो गए। कानूनी नोटिस भेजने के बावजूद भुगतान न मिलने पर पुष्पेंद्र ने एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता ने धारा 145 के तहत हलफनामा और अन्य जरूरी दस्तावेज कोर्ट में पेश किए। जस्टिस व्यास ने कहा, "धारा 139 के तहत यह मान्यता है कि चेक किसी देनदारी के विरुद्ध जारी हुआ था। रिटर्न मेमो में सिर्फ बैंक की मुहर न होने से इस कानूनी धारणा को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि "धारा 146 कोई निश्चित प्रारूप नहीं बताती है और न ही यह मेमो बैंकर्स बुक एविडेंस एक्ट के तहत आता है। अतः इसकी प्रक्रियात्मक कमियां मुकदमे को अमान्य नहीं करती।

### नौ महीने के भीतर ट्रायल पूरा करने आदेश

हाईकोर्ट ने मामले को ट्रायल कोर्ट को लौटाते हुए आदेश दिया है कि बैंक के संबंधित अधिकारी को बुलाकर यह सत्यापित किया जाए कि चेक वास्तव में बैंक में प्रस्तुत हुए थे और अपर्याप्त राशि के कारण बाउंस हुए। इसके लिए किसी नए नोटिस की आवश्यकता नहीं होगी। दोनों पक्षों को मई 2025 में ट्रायल कोर्ट में हाजिर होने को कहा गया है और नौ महीने के भीतर ट्रायल पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# डेयरी पर छापा, 150 किलो नकली पनीर किया जब्त



**अम्बिकापुर।** अगर आप भी पनीर खाने के सौकीन है तो सावधान हो जाइए। बाजार में हानिकारक सामग्रियों से नकली पनीर बेचा जा रहा है। इस बात का खुलासा देर रात जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई से हुआ है। शहर के बीच बड़े पैमाने पर नकली पनीर बनाने का कारोबार किया जा रहा था। टीम ने मौके से 150 किलोग्राम नकली पनीर जब्त किया गया है।

बताया जा रहा है कि जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि बिशुनपुर खुर्द में संचालित डेयरी में नकली पनीर बनाने का काम चल रहा है। सूचना के बाद एसडीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी व पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से बिशुनपुर खुर्द स्थित सागर डेयरी फर्म में छापेमारी की गई। पंचायत भवन के समीप संचालित डेयरी में विभिन्न हानिकारक व अवैध सामग्रियों से पनीर का निर्माण किया जा रहा था। जांच के दौरान टीम ने पाया कि निर्माण कार्य में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा था। परिसर में सफाई की स्थिति बेहद खराब थी और फर्म का पंजीयन भी समाप्त हो चुका था।

### सील किया गया डेयरी फर्म

नकली पनीर बनाने का खुलासा होने के बाद गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से फर्म को सील कर दिया। मौके पर लगभग 150 किलोग्राम पनीर जब्त किया गया है। जांच के समय वहां मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम मोहित कुमार बताया, जबकि फर्म के मालिक का नाम शाहिद बताया गया है।

इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ नायब तहसीलदार और पुलिस बल भी मौजूद थे। अधिकारियों का कहना है कि आगे की जांच जारी है, दोषियों पर विधिमान्य कार्रवाई की जाएगी।

# महोबा एसडीएम की शाही शादी, हेलीकॉप्टर से पहुंचा दूल्हा, बड़े हीरा कारोबारी संग रचाई शादी

**लखनऊ।** जीवन के सबसे महत्वपूर्ण संस्कार वैवाहिक संस्कार को आज हर कोई यादगार बनाना चाहता है। इसके लिए वह हर उपाय करता है। कुछ ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के सेवरही विकासखंड के ग्राम सभा सलेमगढ़ में, जहां एक अनोखी शादी पूरे जिले ही नहीं, बल्कि मंडल स्तर पर चर्चा का विषय बन गई। इस शादी में खास बात यह रही कि दूल्हा अहमद रजा खान, जो लखनऊ के नामचीन हीरा कारोबारी हैं, बारात लेकर किसी लग्जरी कार से नहीं, बल्कि हेलीकॉप्टर से पहुंचे। दुल्हन बनीं महोबा की वर्तमान उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सल्तनत परवीन, जो मूल रूप से सलेमगढ़ गांव की रहने वाली हैं।



### हेलीकॉप्टर से उतरी बारात बनी आकर्षण का केंद्र

गांव के जूनियर हाईस्कूल मैदान में हेलीकॉप्टर उतरते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों में हेलीकॉप्टर और दूल्हे को देखने का उत्साह देखते ही बन रहा था।

# युवक की हत्या कर शव को फेंका नाले में आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


नमना कला झंझटपारा में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब नाला में एक युवक का शव मिला। शव किसी और का नहीं बल्कि नाला के बगल स्थित फूल दुकान संचालक के गोदाम में रहकर काम कर रहे युवक था। मृतक के सिर व चेहरे में गंभीर चोट के निशान पाए गए जिससे हत्या कर नाले में फेंकने की संभावना जताई जा रही है वहीं मृतक के साथ सो रहे दुकान संचालक का छोटा भाई घटना के बाद से फरार है। पुलिस ने फूल दुकान संचालक को हिरासत में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी नवानगर निवासी जुगनू यादव उर्फ मनबोध यादव आ. धनुष देव यादव (25 वर्ष) पिछले सात साल से नमनाकला झंझटपारा निवासी निवासी बिरबल यादव के गोदाम की रखवाली करने के साथ सरस्वती शिशु मंदिर समीप फूल दुकान में काम करता था। पुलिस के मुताबिक बीती रात जुगनू यादव, संजू यादव सहित पांच लोग बीरबल के घर भोजन किए।

## नासा ने अंतरिक्ष में इंसानी मल को रीयूज करने का रखा कॉम्पटिशन! विनर पाएगा 25 करोड़ रुपए

**वॉशिंगटन।** नासा ने एक अनोखा चैलेंज शुरू किया है, जिसमें अंतरिक्ष में इंसानी कचरे को रीसाइकल करने का तरीका ढूंढने वाले को 3 मिलियन डॉलर (25 करोड़ रुपए) का इनाम मिलेगा। इस लूना-रीसाइकल चैलेंज में नासा लोगों से ऐसी तकनीक बनाने को कह रहा है, जो चांद पर या लंबी अंतरिक्ष यात्राओं के दौरान इंसानों के मल, मूत्र और उल्टी को रीसाइकल कर सके। नासा के मुताबिक, अपोलो मिशन के दौरान चांद पर 96 बैग इंसानी कचरा छोड़ दिया गया था। अब नासा नहीं चाहता कि अंतरिक्ष में कचरे का ढेर बढ़े। इस चैलेंज का मकसद ऐसी तकनीक बनाना है, जिससे भविष्य के मिशनों में कचरे को ठीक किया जा सके। नासा चाहता है कि चांद पर लंबे समय तक रहने वाली बस्तियों में यह तकनीक काम आए।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com